# स्मार्ट मीटर के संबंध में उप मुख्य महाप्रबंधक श्री बी.बी.एस.परिहार ने दी अहम जानकारियां

## स्मार्ट मीटर की भ्रांतियां दूर करने भोपाल में आयोजित मीडिया वर्कशॉप में पत्रकारों के प्रश्नों के दिए जवाब

**भोपाल शहर के 88 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को 78 लाख, 65 हजार से अधिक की छूट**



दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 1 लाख 24 हजार 701 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में टाइम ऑफ डे (ToD) छूट का लाभ प्रदान करते हुए जुलाई 2025 में कुल 01 करोड़ 08 लाख 59 हजार 082 रुपए की रियायत प्रदान की गई है जिसमें भोपाल शहर के 88 हजार 180 उपभोक्ताओं को 78 लाख, 65 हजार 444 रूपए की दिन के टैरिफ में छूट मिली है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को नए टैरिफ आर्डर के अनुसार अब खपत के आधार पर दिन के टैरिफ में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक उपयोग की गई बिजली पर 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जा रही है। यह उपभोक्ता श्रेणियों के लिए विशिष्ट नियमों और शर्तों के आधार पर दिन के विभिन्न समय के दौरान खपत की अवधि के अनुसार ऊर्जा शुल्क पर लागू होगी। यह बात मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उप मुख्य महाप्रबंधक (शहर वृत्त) भोपाल श्री बी.बी.एस.परिहार ने स्मार्ट मीटर से होने वाले लाभ तथा मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ता हित में चलाई जा रही शासन की योजनाओं जैसे ग्रामीण क्षेत्र में 5 रुपये में नवीन कनेक्शन, सोलर रूफटॉप आदि को आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को भोपाल में आयोजित मीडिया कार्यशाला में कही। इस अवसर पर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक (स्मार्ट मीटरिंग सेल) श्री सी.के.पवार, वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी श्री मनोज द्विवेदी, उप महाप्रबंधक पूर्व शहर संभाग श्री धनेन्द्र तिवारी, उप महाप्रबंधक उत्तर शहर संभाग श्री अंकित पालीवाल, उप महाप्रबंधक दक्षिण शहर संभाग श्री राकेश त्रिपाठी, उप महाप्रबंधक पश्चिम शहर संभाग श्री एल.एन.पाटीदार सहित सैंकड़ों मीडियाकर्मी उपस्थित थे। गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल शहर वृत्त अंतर्गत अब तक कुल 01 लाख 96 हजार 026 स्मार्ट मीटर स्थापित कर दिये गये हैं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उप मुख्य महाप्रबंधक श्री बी.बी.एस. परिहार ने कहा कि स्मार्ट मीटर सभी के लिए फायदेमंद और उपभोक्ताओं के हित में हैं, इसलिए सभी को स्मार्ट मीटर लगाने में कंपनी का सहयोग करना चाहिए। कार्यशाला के दौरान उन्होंने अधिक से अधिक स्मार्ट मीटर लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करने का आव्हान किया तथा कार्यशाला में मीडिया के प्रश्नों के जबाव देते हुए मीडिया से प्राप्त फीडबैक के अनुसार कार्यवाही करते हुए उनके द्वारा दिये गये सुझावों को वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए अमल में लाने का आश्वासन दिया।

### परिसर में रीडिंग लेने आने की आवश्यकता नहीं-

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उप मुख्य महाप्रबंधक श्री बी.बी.एस. परिहार ने मीडिया से चर्चा करते हुये बताया कि शहर के लोगों में स्मार्ट मीटर को लेकर जो भ्रांतियां हैं, उन्हें दूर करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि विद्युत स्मार्ट मीटर लगने के बाद परिसर में रीडिंग लेने आने की जरूरत नहीं होती है, ऑटोमेटिक सटीक रीडिंग होती है। मानवीय हस्तक्षेप नहीं होने से गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं होती है। उपभोक्ता अपनी प्रतिदिन की विद्युत खपत स्मार्ट मीटर के माध्यम से देख सकता है। उन्होंने बताया कि दैनिक के साथ झसाथ सप्ताहिक अथवा मासिक खपत आसानी से देखी जा सकती है, और बिजली की कितनी खपत हो रही है, अगले महीने उसका कितना बिल आ सकता है, उसका पूवार्नुमान भी आसानी से लगाया जा सकता है।

### अब तक कहीं कोई गड़बड़ी नहीं आई-

उप मुख्य महाप्रबंधक श्री परिहार ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाते हुए लगभग 1 वर्ष पूर्ण हो गया है। अब तक पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र के सोलह जिलों में 03 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। अभी तक कहीं पर भी किसी प्रकार की कोई भ्रांतिया पैदा नहीं हुई हैं। ऑटोमेटिक माध्यम से सटीक रीडिंग होने के बाद प्रतिमाह 01 तारीख के बाद मोबाइल अथवा ईमेल पर बिल जारी किया जाता है। स्मार्ट मीटर के पहले उपभोक्ताओं को पता ही नहीं चलता था कि उनकी विद्युत खपत कितनी हैं, जब स्मार्ट मीटर लगे तब उन्हें सही खपत का पता चला और उसका डेटा भी विद्युत विभाग के पास उपलब्ध हुआ है।

### हर पंद्रह मिनिट में डाटा अपडेट

उपभोक्ता अब उपाय एप के जरिए स्मार्ट मीटर के माध्यम से अपने घर का लोड देख सकते हैं। मीटर में भी के.डब्ल्यू लिखा रहता हैं जो घर का पूरा लोड बताता है, तथा केडब्ल्यूएच खपत (यूनिट ) बताता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्वयं के यहाँ पर कितना किलोवॉट का लोड चल रहा हैं। इसके साथ ही उपाय एप के स्मार्ट मीटर में इंडिकेटर के माध्यम से यह अंदाजा लगाया जाना आसान हो गया कि किस-समय, किस प्रकार के उपकरण चलाए गए ताकि हरी लाइन से पता चल सकता है कि उस दौरान कितनी बिजली खपत हुई। स्मार्ट मीटर हर पंद्रह मिनिट में डाटा अपडेट करता है।

### रियल टाइम डेटा उपलब्ध

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने स्मार्ट मीटर के फायदे बताते हुए कहा है कि स्मार्ट मीटर से रियल टाइम डेटा प्राप्त किया जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं को सटीक और समय पर बिलिंग सुनिश्चित की जा रही है। कंपनी ने बताया कि जहां-जहां भी स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं वहां पर बिलिंग तथा रीडिंग निर्धारित समय पर हो रही है, इससे सभी उपभोक्ता संतुष्ट हैं।

### रीडिंग में कोई गड़बड़ी नहीं-

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अपने कार्यक्षेत्रांतर्गत जब से स्मार्ट मीटर स्थापित करने शुरू किये हैं तभी से स्मार्ट मीटर के सकारात्मक परिणाम आने शुरू हो गए हैं। उपभोक्ताओं को वास्तविक समय में ऊर्जा खपत की सटीक तथा अद्यतन जानकारी मिल रही है, साथ ही रीडिंग में किसी तरह की कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई है। इसके अलावा उपभोक्ताओं के परिसर में जाकर रीडिंग लेने की जरूरत भी नहीं है, क्योंकि निर्धारित तिथि पर ऑटोमेटिक रीडिंग करके उपभोक्ताओं के पंजीकृत मोबाइल पर बिल जारी किया जा रहा है।

### उपभोक्ता स्वयं कर रहे खपत की निगरानी-

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि स्मार्ट मीटर के फायदे अनेक हैं। जहां-जहां भी स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं वहां पर निर्धारित समय पर तथा सटीक रीडिंग हो रही है। उपभोक्ता स्वयं भी ऊर्जा खपत की निगरानी कर सकते हैं, इसके लिए हर 15 मिनट में डाटा अद्यतन हो रहा है, ताकि यह समझने में आसानी रहे कि किस समय कितनी ऊर्जा की खपत हुई है। इससे बिजली खपत को नियंत्रित करने में आसानी हो रही है।

### बिलों में त्रुटि की संभावना नहीं-

स्मार्ट मीटरों से बिजली के बिलों में त्रुटि की संभावना बहुत कम हो गई है और बिजली की चोरी रोकने में भी स्मार्ट मीटर मददगार साबित हो रहे हैं। स्मार्ट मीटर वास्तविक समय में अपनी बिजली की खपत पर नजर रखने में मदद करते हैं, जिससे उपभोक्ता स्वयं भी अपनी खपत को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं और गैरजरूरी उपकरणों को बंद करके ऊर्जा की बचत कर सकते हैं

### दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की छूट-

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि नए टैरिफ आर्डर के अनुसार स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को अब खपत के आधार पर दिन के टैरिफ में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक उपयोग की गई बिजली पर 20 प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जा रही है। कंपनी ने कहा है कि यह उपभोक्ता श्रेणियों के लिए विशिष्ट नियमों और शर्तों के आधार पर दिन के विभिन्न समय के दौरान खपत की अवधि के अनुसार ऊर्जा शुल्क पर लागू होगी। सामान्य मीटर उपभोक्ताओं को सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट पीक ऑवर्स (सुबह) 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसी तरह औद्योगिक ऑफ पीक/ सौर समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। उपरोक्त दोनों ही श्रेणियों में यह छूट 10 किलोवाट से अधिक स्वीकृत लोड / अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही मिलेगी।

# मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में 'छात्र परिषद शपथ ग्रहण समारोह' अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।**

**यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के नेतृत्व कौशल को पहचान देने वाला था, बल्कि उनके अंदर छुपी संगठन क्षमता, उत्तरदायित्वबोध और सेवा- भावना को सशक्त रूप प्रदान करने का प्रथम कदम था।**



दैनिक भेल पॉवर

इस अवसर पर संस्था प्रमुख परम श्रद्धेय सिद्ध भाऊ जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नेतृत्व पद केवल सम्मान नहीं, यह तो उत्तरदायित्व का प्रतीक है। छात्र परिषद विद्यालय की आत्मा होती है जो अनुशासन, समर्पण और सहयोग से संपूर्ण छात्र समुदाय को दिशा देती है। हमारे नव निर्वाचित प्रतिनिधि अपने कर्तव्य से विद्यालय की गरिमा को ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगे, इसका मुझे पूरा विश्वास है। संस्था सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने अपने संदेश में कहा कि विद्यार्थी परिषद लोकतांत्रिक नेतृत्व पर दायित्व और अनुशासन को दिशा में देने का सशक्त माध्यम है। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल ईशान आर. ने विद्यार्थी परिषद के सभी नवनिर्वाचित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि स्वनुशासन ही आपके व्यक्तित्व को प्रभावशील बना सकता है। जीवन में सफलता का मूलमंत्र है - कठिन परिश्रम। सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता, यह कठिन परिश्रम से ही प्राप्त कि जा सकती है। तकनीकी साधनों का अत्यधिक प्रयोग आपके परिश्रम की प्रवृत्ति को कमजोर करता है। अपने व्यक्तित्व को प्रभावशाली बनाने के लिए सतत परिश्रम को प्रधानता दें। जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करें, हमेशा ईमानदारी तथा संस्कारों के साथ आगे बढ़ें, जिससे कभी भी पथभ्रष्ट जैसी स्थिति नही होगी।

विशेष अतिथि सब-इंस्पेक्टर के जे मालवीय ने अपने उद्बोधन में भावी पीढ़ी को नशे से दूर रहने और व्यवस्थित दिनचर्या जैसे व्यायाम, उचित आहार, सत्संग, सुसाहित्य का पठन-पाठन के साथ ही अनुशासन, परिश्रम के नैतिक मूल्यों से अवगत कराया।

विद्यालय प्राचार्य ए एन मणिकंडन ने सभी नवनिर्वाचित छात्रों को पद एवं गोपनीयता की जिम्मेदारियाँ एवं नैतिक कार्यों के प्रति सजगता की शपथ दिलाई। विद्यार्थी परिषद की शपथ लेते हुए सभी छात्रों ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन का पालन करने और अपने कर्तव्यों का निष्ठा से निर्वहन करने का संकल्प लिया।

आपने इस अवसर पर कहा कि विद्यार्थी परिषद आज के दौर में छात्रों के लिए एक दृढ़ नैतिक सहारा है। हमें पूरा विश्वास है कि हमारे छात्र परिषद के सदस्य विद्यालय के हित में सजग रहकर कार्य करेंगें।

उप प्राचार्य श्रीमती रेखा केवलानी ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी मंचासीन महानुभावों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद न केवल विद्यालय का अनुशासन बनाए रखने में सहायक होती है बल्कि यह विद्यार्थियों में नेतृत्व, संगठन और जिम्मेदारी की भावना भी जागृत करती है। यह एक ऐसा मंच है जो हमें सहयोग, संवाद और सेवा का वास्तविक अर्थ सिखाता है।

नवनिर्वाचित विद्यार्थी परिषद इस प्रकार है : मोहित दे (स्कूल कैप्टन), नीलेश मोटवानी (स्कूल वाइस कैप्टन), हर्ष रामरख्यानी (प्रिफेक्ट प्लानिंग एंड कॉर्डिनेशन), हिमांशु सावनानी (वाइस प्रिफेक्ट प्लानिंग एंड कॉर्डिनेशन झ को करिकुलर), प्रियव्रत सिंह उदावत (वाइस प्रिफेक्ट प्लानिंग एंड कॉर्डिनेशन झ अकादमिक), युवराज भारती (प्रिफेक्ट स्पोर्ट्स), ध्रुव गुलराजानी (वाइस प्रिफेक्ट स्पोर्टस), प्रज्ज्वल कुमार हेमनानी (प्रिफेक्ट कल्चरल), तेजस शर्मा (वाइस प्रिफेक्ट कल्चरल), दक्ष केसवानी (प्रिफेक्ट डिसिप्लिन), वेदांत शर्मा (वाइस प्रिफेक्ट डिसिप्लिन), निखिल मंगलानी (प्रिफेक्ट लिटरेरी), आशमन उप्पल (वाइस प्रिफेक्ट लिटरेरी), दक्ष हरवानी (प्रिफेक्ट सांइस), कार्तिक चेलानी (वाइस प्रिफेक्ट सांइस), हर्षल पाठक (प्रिफेक्ट आई.टी.), देव सिंह गुर्जर (वाइस प्रिफेक्ट आई.टी.), हर्षिल रामरख्यानी (प्रिफेक्ट कॉमर्स), तुषार सेवकानी (वाइस प्रिफेक्ट कॉमर्स), शान प्रजापति (प्रिफेक्ट आर्ट्स एंड क्राफ्ट), शुभ सोनी (वाइस प्रिफेक्ट आर्ट्स एंड क्राफ्ट), लकी नागर ( कैप्टन - साधु वासवानी हाउस), कृष्णा सदारंगानी (वाइस कैप्टन - साधु वासवानी हाउस), हर्षित मीणा (कैप्टन - स्वामी दयानंद हाउस), हितेष असवानी (वाइस कैप्टन - स्वामी दयानंद हाउस), सुमित भारवानी (कैप्टन - डॉ. राधाकृष्णन हाउस), आशीष प्रताप सिंह (वाइस कैप्टन - डॉ. राधाकृष्णन हाउस), तुषार साधवानी (कैप्टन - साधु हीरानंद हाउस), जयंत गुप्ता (वाइस कैप्टन - साधु हीरानंद हाउस), स्पोर्ट्स एग्जीक्यूटिव सदस्य झ योगेश छतवानी, करण तलरेजा, सौभाग्य गंगारमानी, विधान जैन, डिसीप्लीन एग्जीक्यूटिव सदस्य झ अधीक्षित मिश्रा, शुभ ठाकुर, दुर्लभ सतानी, दिव्यांश त्यागी, आर्ट्स एंड क्राफ्ट एग्जीक्यूटिव सदस्य झ प्रिंस मीणा, गर्व सिंह, नैतिक भट्ट, दिव्यांश भारद्वाज, कल्चरल एग्जीक्यूटिव सदस्य - प्रियम माखीजानी, दक्ष आसुदानी, कृष्णा कुमार, आदित्य पांडे चयनीत रहे।

कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों द्वारा गीतों की मधुर स्वर लहरियों तथा नृत्य के माध्यम से नवनिर्वाचित सदस्यों को उनके कर्तव्यपथ की ओर उन्मुख किया गया। विद्यालय कैप्टन मोहित दे ने अपने संकल्प भाषण में कहा कि हमारी विद्यार्थी परिषद, विद्यालय और विद्यार्थियों के बीच एक मजबूत सेतु है। हमारा उद्देश्य अनुशासन व्यवस्था बनाए रखना, साथियों की समस्याओं का उचित समाधान दूंढ़ना तथा विद्यालय की सभी गतिविधियों में सक्रिय योगदान देना है। उन्होंने अपने परिषद की ओर से विश्वास दिलाया कि हम सब सदैव निष्पक्ष, निडर व निष्ठावान बनकर विद्यालय के विकास में अपना सहयोग देंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा कैप्टन मोहित दे को विद्यालयीन ध्वज सौंपा गया। ध्वज ग्रहण करने के बाद कैप्टन ने वचन दिया कि वे परिषद के सिद्धांतों का पालन करते हुए विद्यालय की प्रगति के लिए सदैव समर्पित रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी, मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल ईशान आर. , विशेष अतिथि सब-इंस्पेक्टर के जे मालवीय, संस्था सचिव घनश्याम बूलचंदानी, संस्था उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, संस्था कोषाध्यक्ष भगवान दामानी, कार्यकारिणी सदस्य थावर वरलानी, अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी, प्राचार्य ए. एन. मणिकंडन, उपप्राचार्या श्रीमती रेखा केवलानी, कोऑर्डिनेटर्स, शिक्षक- शिक्षिकाएँ एवं छात्रगण उपस्थित रहे।

# जयस्तंभ चौक पर कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड ने किया विरोध प्रदर्शन

दैनिक भेल पॉवर



**इटारसी।** दिल्ली में विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश एवं वोट चोरी के विरोध में मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड का पूरे प्रदेश में जोरदार विरोध प्रदर्शन जारी है । इसी क्रम में इटारसी में भी सोमवार को शाम 5:00 बजे जय स्तंभ चौक पर विरोध प्रदर्शन किया गया । कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष गजानंद गज्जू तिवारी ने किया , जिसमें नगर एवं जिले के बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए। जब इस संबंध में गजानंद तिवारी से बात की तो उन्होंने कहा कि ₹वोट जनता का अधिकार है और इसे छीनने की कोशिश का डटकर मुकाबला किया जाएगा। इलेक्शन कमीशन भाजपा की कठपुतली बनकर गैर जिम्मेदाराना रवैया और तानाशाही करते हुए जनता के वोट पर डाका डाल रहा है। दिल्ली से लेकर मध्य प्रदेश तक कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतंत्र की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्षरत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में सदन के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ पूरे विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा अपनाए गए अलोकतांत्रिक तरीकों के विरोध में सेवादल यंग ब्रिगेड पूरे प्रदेश में एकजुट होकर आंदोलन कर रहा है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने हाथों में पोस्टर-बैनर लेकर इलेक्शन कमीशन मुदार्बाद, वोट चोरी नहीं चलेगी, तानाशाही नहीं चलेगी जैसे नारे लगाए और भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए जमकर विरोध जताया। प्रदर्शन के अंत में सभी ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट रहने और हर स्तर पर संघर्ष करने का संकल्प लिया। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवाकांत पांडे, सेवादल जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता, महिला नगर कांग्रेस अध्यक्ष नेहा चावरे, रमेश साहू, अशोक जैन, रमेश बामने, मोहन झलिया, बाबू चौधरी, अंजलि कालोसिया, अजय मिश्रा, सुरेन्द्र भाटिया, लाली सलूजा, रमजान भाईजान, पंकज राठौर, गुफरान अंसारी, अजय अहिरवाल, अमित कापरे, नंदू वर्मा, गौरव चौधरी, सौम्य दुबे, एन.एस. चौहान, जयप्रकाश अग्रवाल, अनिल रैकवार, भारत राजपूत, अनूप गांचले, धर्मेंद्र मालवीय, संजय धर, अभिषेक साहू, राहुल वर्मा, राकेश चंदेले, दयाल लालवानी, सोनू बकोरिया, कमल दर्डा, कन्हैयालाल बामने, माधुरी चौरे, निखत गोलंदाज, इरफान गोलंदाज, दिनेश बालोरिया, गुल्लू उपाध्याय, अमल सरकार, सेवादल नगर अध्यक्ष करण भदोरिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संत नगर में बढते अपराधो एवं जुआ, सट्टो एवं नशे पर रोक लगाने के लिए दिया आवेदन

दैनिक भेल पॉवर

**संत नगर।** की समस्याओं एवं बढ़ते अपराधो को लेकर अवगत कराया गया था जिसके संदर्भ में आपने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है जिसके परिणामस्वरुप वाहन चोरी एवं लूट गिरोह द्वारा पाश कालोनियों में लूटपाट को अंजाम दिया जा रहा है। संत नगर में गत दिवस एक व्यापारी के साथ जो घटना हुई। जिससे शहर में आम नागरिको एवं व्यापारियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। श्रीमान जी शहर के अंदर देर रात तक खुले रेस्टोरेंट रहते है जिसमे अपराधिक तत्वो के लोग बैठे रहते है एवं कई प्रकार का नशा करते हैं। जुआ सटटा भी शहर के चारो तरफ देर रात्रि तक खेला जाता है।



इस तरह की अवैध गतिविधियो पर भी अंकुश लगाया जाए। ब्लाक कांग्रेस कमेटी आपसे अनुरोध करती है कि इस तरह की हो रही अवैध गतिविधियों पर जल्द से जल्द अंकुश लगाया जाए। एसीपी को ज्ञापन सौंपा ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मारण वरिष्ठ नेता त्रिलोक दीपानी घनश्याम लाल वाणी जगदीश सावले नरेन केवलानी अशोक गोकलानी लक्ष्मण वासवानी शंकर उपस्थित रहे।

## औद्योगिक उपभोक्ताओं के साथ एमपी ट्रांसको और मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की संयुक्त बैठक आयोजित

**भोपाल।** औद्योगिक विकास केन्द्र, मंडीदीप के अति उच्चदाब औद्योगिक उपभोक्ताओं और एम.पी.ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, जबलपुर तथा म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों की सोमवार को संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश की दोनों बिजली कंपनियों के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से कहा कि औद्योगिक उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बिजली कंपनियां कटिबद्ध हैं। इस अवसर पर बैठक में एम.पी.ट्रासमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता श्री अमर कीर्ति सक्सेना, श्री डी.के.अग्रवाल, श्री राघव एवं मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (भोपाल क्षेत्र) श्री अमृतपाल सिंह, महाप्रबंधक भोपाल ग्रामीण श्री जाहिद अजीज खान एवं उप महाप्रबंधक मंडीदीप श्री शैलेन्द्र कौशिक सहित मेसर्स एचईजी लिमि., वर्धमान यॉर्न्स, ट्राईडेन्ट, नाहर फ्रेब्रिक एवं अनंत स्पिनिंग के अधिकारी उपस्थित थे ।बैठक में अधिकारियों ने बताया कि औद्योगिक उपभोक्ताओं की सुविधाओं में इजाफा किया गया है साथ ही उन्हें सही वोल्टेज पर विद्युत प्रदाय सुनिश्चित हो इसके लिए जिन उपकेन्द्रों से औद्योगिक उपभोक्ताओं को सप्लाई सुनिश्चित की जा रही है वहॉ उपकेन्द्रों का रखरखाव प्रभावी ढंग से किया जा रहा।

## सेना भर्ती रैली में लगभग साढ़े सात हजार युवा होंगे शामिल

**22 अगस्त से 1 सितंबर तक स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स स्टेडियम, विदिशा में होगी रैली**

**भोपाल।** सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा 22 अगस्त से 01 सितम्बर 2025 तक स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स स्टेडियम, विदिशा में मध्यप्रदेश के 15 जिलों अशोकनगर, भोपाल, बैतूल, छिंदवाड़ा, दमोह, गुना, हरदा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, पन्ना, पांढुर्णा, रायसेन, राजगढ, सीहोर और विदिशा के पुरूष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क/एसकेटी एवं अग्निवीर ट्रेड्समैन रैली का आयोजन होगा तथा मध्यप्रदेश एवं छतीसगढ़ के सभी जिलों के लिए सिपाही फार्मा, सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक, धर्मगुरू, जेसीओ कैटरिंग, एजुकेशन हवलदार और हवलदार सर्वेयर ऑटोमेटेड कार्टोग्राफर की भी सेना भर्ती रैली का आयोजन साथ में किया जा रहा हैं। उल्लेखनीय है कि 22 से 30 अगस्त 2025 तक अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, एसकेटी एवं अग्निवीर ट्रेड्समैन तथा 31 अगस्त 2025 को सिपाही फार्मा एवं सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक और 01 सितम्बर 2025 को धर्मगुरू, जेसीओ कैटरिंग, एजुकेशन हवलदार एवं हवलदार सर्वेयर ऑटोमेटेड कार्टोग्राफर की रैली का आयोजन होगा। सेना द्वारा 30 जून से 10 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था। ऑनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र 09 अगस्त 2025 को उनकी ई-मेल पर भेज दिया गया है। रैली भर्ती में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पर अंकित तिथि एवं समय के अनुसार भर्ती रैली स्थान पर प्रवेश दिया जाएगा। इन अभ्यर्थियों की दौड़ रात को 01 बजे प्रारंभ होगी। भर्ती मे हिस्सा लेने के लिए प्रवेश पत्र एवं सभी दस्तावेज रैली अधिसूचना के अनुसार तथा साथ में आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर और इंटरनेट कनेक्शन के साथ स्मार्ट मोबाइल फोन भी लेकर आना अनिवार्य है।

# मेधावी विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए तत्पर है राज्य सरकारः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## वीआईटी में पढ़ेंगी, एमपी बोर्ड की टॉपर कु. प्रियल द्विवेदी

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्कॉलरशिप वितरण कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए**



दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की प्रति व्यक्ति आय अब बढ़कर 1 लाख 52 हजार रूपय हो गई है, जो वर्ष 2002-03 तक मात्र 11 हजार रुपए थी। पिछले डेढ़ साल में सिंचाई का रकबा साढ़े सात लाख हेक्टेयर बढ़ा है। नदी जोड़ो अभियान के माध्यम से प्रदेश के कई जिलों को लाभ होगा। प्रदेश सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है, औद्योगिक गतिविधियों और निवेश को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार तत्परता पूर्वक हर संभव प्रयास कर रही है। 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने और शाला में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप और स्कूटी देने की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक निजी न्यूज चैनल द्वारा आयोजित स्वर्ण शारदा स्कॉलरशिप-2025 वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिभाशाली छात्राओं को छात्रवृत्ति और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को एमपी बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में प्रदेश में प्रथम आने वाली शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमरपाटन की कुमारी प्रियल द्विवेदी ने बताया कि वह आगे की पढ़ाई वेल्लोर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) में करने की इच्छुक हैं, परंतु परिस्थिति वश यह संभव नहीं हो पा रहा है। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुमारी प्रियल द्विवेदी की वीआईटी में पढ़ाई की व्यवस्था राज्य सरकार की ओर से करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में 66 छात्राओं को सम्मानित किया, जिसमें प्रत्येक जिले की टॉपर छात्राओं को 50 हजार रुपए, प्रशस्ति-पत्र और प्रदेश में प्रथम आने वाली कु. प्रियल द्विवेदी को एक लाख रुपए तथा उनके स्कूल को भी एक लाख रुपए की राशि का चैक प्रदान किया।

# उपवास से उल्लास तक: सोनी सब के कलाकारों ने जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य जन्म को किया नमन

दैनिक भेल पॉवर ■

**मुंबई।** देशभर में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की तैयारियों के बीच, सोनी सब के लोकप्रिय कलाकार–करुणा पांडे, अभिषेक वर्मा, बृंदा त्रिवेदी, गरिमा परिहार और आशी सिंह–अपने विचार साझा कर रहे हैं कि जन्माष्टमी क्यों उनके दिलों में एक खास स्थान रखती है। पारंपरिक रीति-रिवाज, रंग-बिरंगे उत्सव और मटकी फोड़ जैसे खेल-तमाशों से भरपूर यह पर्व, अपने साथ यादगार पल और एकजुटता की भावना लेकर आता है। कलाकारों ने बताया कि यह त्योहार उनके जीवन में क्या महत्व रखता है और वे इस वर्ष इसे कैसे मनाने वाले हैं।

पुष्पा इम्पॉसिबल में पुष्पा का किरदार निभा रहीं करुणा पांडे ने कहा, ₹जन्माष्टमी मेरे दिल के बहुत करीब है। मैं कृष्ण भक्त हूं, और हमेशा भगवान श्रीकृष्ण के साथ एक गहरा आध्यात्मिक जुड़ाव महसूस करती हूं। हर साल मैं व्रत रखती हूं और घर पर एक सादगीपूर्ण परंतु भावपूर्ण पूजा करती हूं। इस दिन वातावरण में एक अद्भुत शांति और भक्ति का भाव भर जाता है। यह केवल रीति-रिवाजों का पालन करने का दिन नहीं है, बल्कि भगवान के करीब महसूस करने और उनके प्रेम, सत्य और धर्म के उपदेशों पर मनन करने का अवसर है। जन्माष्टमी मनाना मेरे मन को अपार खुशी देता है।₹





उफ़्फ़ड्ये लव है मुश्किल में शौर्य सिन्हा की भूमिका निभा रहे अभिषेक वर्मा ने कहा, ₹मेरी मां भगवान कृष्ण की बड़ी श्रद्धालु हैं। वह अक्सर मथुरा और वृंदावन जाती हैं, और उनकी आस्था ने हमेशा मुझे प्रेरित किया है। बचपन में मां मुझे कृष्ण का रूप सजाती थीं और मैं हमारी सोसाइटी में राधा बने दोस्तों के साथ घूमता था, छोटी-छोटी प्रस्तुतियां देता था। ये बहुत खास यादें हैं। मुझे भगवान कृष्ण की यह बात पसंद है कि हर कोई उनसे अपने-अपने तरीके से जुड़ सकता है–कोई उन्हें मित्र मानता है, कोई भाई। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि हम जीवन में अलग-अलग भूमिकाएं निभाते हैं, और हर भूमिका अपनी तरह से सुंदर होती है। मौका मिलने पर मैं मां के साथ वृंदावन जाने की कोशिश करता हूं। जन्माष्टमी मेरे लिए बेहद महत्वपूर्ण पर्व है।

पुष्पा इम्पॉसिबल में कादंबरी की भूमिका निभा रहीं बृंदा त्रिवेदी ने कहा, मैं आमतौर पर जन्माष्टमी अपने घर पर परिवार के साथ मनाती हूं, और यह हमेशा हमारे लिए खास समय होता है। तैयारियां दो दिन पहले रंधण छठ से शुरू होती हैं, जब मां कई तरह के पारंपरिक व्यंजन बनाती हैं, जिन्हें हम अगले दिन शीतला सप्तमी पर खाते हैं, और इससे उत्सव का माहौल बन जाता है। जन्माष्टमी पर घर को फूलों, रोशनी और कृष्ण जी की मूर्तियों से सजाया जाता है, और दिनभर मेहमानों का आना-जाना रहता है। सबसे खास पल होता है रात 12 बजे का कृष्ण जन्म पूजन, जब हम भजन गाते हैं, प्रार्थना करते हैं और भगवान के जन्म का स्वागत करते हैं। इस साल मैं काम के कारण घर पर नहीं रहूंगी, लेकिन यह दिन फिर भी खास होगा क्योंकि मैं वही कर रही होऊंगी जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद है–अभिनय। साथ ही, जन्माष्टमी के दिन पुष्पा इम्पॉसिबल के 1000 एपिसोड पूरे हो रहे हैं, तो मैं अपनी ऑन-स्क्रीन फैमिली के साथ इसे मना रही होऊंगी, जो अपने आप में एक आशीर्वाद है। पुष्पा इम्पॉसिबल में दीप्ति का किरदार निभा रहीं गरिमा परिहार ने कहा, बचपन में मुझे राधा बनना और स्कूल या सोसाइटी में छोटी-छोटी झांकियों में भाग लेना बहुत पसंद था। आज भी मैं घर के मंदिर को सजाती हूं और कृष्ण जी के साथ कुछ शांत समय बिताती हूं, उनके उपदेशों पर मनन करती हूं। मेरे लिए यह पर्व प्रेम, शरारत और भक्ति के उस जादू की कोमल याद दिलाता है, जो हमें जीवन की भागदौड़ के बीच भी स्थिर रखता है। उफ़्फ़ड्ये लव है मुश्किल में कैरी शर्मा की भूमिका निभा रहीं आशी सिंह ने कहा, जन्माष्टमी मेरे सबसे पसंदीदा त्योहारों में से एक है, जिसका मैं हर साल बेसब्री से इंतजार करती हूं! घर को छोटी-छोटी झांकियों से सजाने से लेकर कृष्ण भजनों को सुनने तक, इस दिन की ऊर्जा इतनी पवित्र और सकारात्मक होती है। मैं व्रत रखती हूं और रात 12 बजे की पूजा तक जागती हूं–जब मंदिर की घंटियां बजती हैं और हम कृष्ण जी के जन्म का स्वागत करते हैं, तो वह क्षण हमेशा मेरे रोंगटे खड़े कर देता है। यह दिन मुझे एक साथ शांति, उम्मीद और बचपन जैसी उत्सुकता से भर देता है।

## कुबेरेश्वरधाम कंकर-कंकर में हैं शंकर, हर रोज आ रहे हजारों की संख्या में श्रद्धालु

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** कंकर-कंकर शंकर का अर्थ है कि कुबेरेश्वर धाम में हर कंकर को भगवान शिव का रूप मानकर पूजा जाता है, और यह इस धाम की एक अनूठी विशेषता है। सोमवार को भी करीब 20 हजार से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने धाम पर पहुंचकर भजन-कीर्तन और ध्यान के साथ बाबा का अभिषेक किया। इन दिनों बड़ी संख्या में महाराष्ट्र के श्रद्धालु आ रहे है। जिससे शहर के सीवन घाट से करीब 11 किलोमीटर भक्तिभाव से धाम पर पहुंच रहे है और अभिषेक का क्रम जारी है। जानकारी के अनुसार सोमवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, शाम को बाबा की आरती की गई। वहीं सुबह यहां पर अनेक श्रद्धालु कांवड लेकर पहुंचे, कांवड़ का महत्व सदियों पूर्व का है। कांवड़ यात्रा सिर्फ यात्रा नहीं भक्तों के असीम धैर्य, प्रेम व लगन का संगम है। जहां-जहां कांवड़िए दिखाई देते हैं ऐसा लगता है भक्ति वहां स्वयं प्रकट हो गई। धाम पर हर तरफ भक्ति, यात्रा, पूजन, कीर्तन विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि 12 ज्योर्तिलिंग के मध्य में प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम करोड़ों श्रद्धालुओं का केन्द्र है। यहां पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में आने वाले श्रद्धालुओं ने निशुल्क भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जाती है। यहां पर आने वाले हजारों की संख्या में श्रद्धालु धाम पर कंकर-कंकर में शंकर की पूजा अर्चना करते है। भगवान शिव वैसे तो हमेशा ही अपने भोलेपन में खुश होकर भक्तों को वरदान देते रहे हैं भक्तों की भावनाओं को, उनके द्वारा किये अभिषेक को वे सहर्ष स्वीकार करते हैं। ऐसी भक्तों की आस्था है, वैदिक धर्म को मानने वाले ईश्वर के जन्मोत्सव, विवाह आदि को भी अपनी रुचि के अनुसार मनाकर उस ईश्वर के सामीप्य को महसूस कर स्वयं को आनन्दित करते हैं। भक्ति, यात्रा, पूजन, कीर्तन आदि उनके दैनिक जीवन के अंग हैं।



## निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी ने बुद्धभूमि महाविहार में निर्मित भवन का लोकार्पण किया

दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी ने बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री में निर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस भवन का निर्माण अध्यक्ष निधि से उपलब्ध कराई गई 16 लाख 50 हजार रुपये की राशि से कराया गया है। नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी ने रविवार को चूना भट्टी स्थित बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री में निगम अध्यक्ष निधि से उपलब्ध कराई गई 16 लाख 50 हजार रुपये की राशि से निर्मित भवन का शिला पट्टिका का अनावरण एवं फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री सूर्यवंशी ने बुद्धभूमि में नवीन भवन के निर्माण की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बुद्धभूमि मोनेस्ट्री की ओर से श्री सूर्यवंशी का शॉल, श्रीफल एवं भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंटकर सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर बुद्धभूमि मोनेस्ट्री के अध्यक्ष भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकारणी सदस्य तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



## भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के जन्मदिन पर होगा भव्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर राजीव गुजराती मित्रमण्डली के द्वारा आगामी 12 अगस्त 2025, दिन मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के जन्मदिन के उपलक्ष्य में स्थानीय बाल बिहार ग्राउण्ड मनकामेश्वर मंदिर, सीहोर में सांय 4 बजे भव्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश भर से टीमें भाग लेंगी। मण्डली द्वारा विजेता टीक को नगद 51 हजार रुपए के पुरुस्कार से सम्मानित किया जावेगा। मित्रमण्डली द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों पर भव्यता के साथ मनाया जायेगा श्री गुजराती का जन्मदिन दिनांक 12 अगस्त को प्रातःकाल राजीव गुजराती द्वारा भगवान श्री चिन्तामन गणेश मंदिर, खड़े हनुमान मंदिर सहित अनेक प्राचीन धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना कर जनमानस के लिये सुख समृद्धि की कामना की जावेगी। तत्पश्चात मित्रमण्डली द्वारा अनेकों कार्यक्रम आयोजित कर भव्यता के साथ श्री गुजराती का जन्मदिन मनाया जावेगा।



## लहराया विधायक सुदेश राय ने तिरंगा

### वीरों के बलिदान का प्रतीक है हम सबका तिंरगा- राय

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** सोमवार को भाजपा कार्यकताओं के साथ हर घर तिरंगा लगाकर विधायक सुदेश राय ने तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया। तिरंगा अभियान से आम नागरिकों को जोडने के लिए भाजपा कार्यकताओं को विधायक सुदेश राय ने प्रोत्साहित भी किया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आान पर हर घर तिंरगा अभियान शुरू हो गया है। प्रत्येक नागरिक को अपने निज निवास पर राष्ट्र की आन, बान, शान हमारा गौरव राष्ट्रीय ध्वज तिंरगा फहराना है। उन्होने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेना और तिरंगे की ताकत को दुनिया ने देखा है तिरंगा वीरों के बलिदान का प्रतीक है तिरंगे की शान को बनाए रखना सभी का कत्व्रय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में अब हमारा देश हर क्षेत्र में निरंतर आत्मनिर्भर बन रहा है।



## महापौर श्रीमती मालती राय ने किया भगवान बाबा श्री मुक्तेश्वर की शाही सवारी का शुभारंभ



दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** महापौर श्रीमती मालती राय ने भगवान बाबा श्री मुक्तेश्वर की शाही सवारी का शुभारंभ किया। महापौर श्रीमती मालती राय ने सोमवार को छोला विश्रामघाट श्री मुक्तेश्वर महादेव मंदिर से भगवान बाबा श्री मुक्तेश्वर की शाही सवारी का शुभारंभ किया। महापौर श्रीमती मालती राय ने अन्य श्रद्धालुजन के साथ शाही सवारी का रथ भी खेंचा। इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य श्री मनोज राठौर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद थे।

## स्वच्छता की शपथ के बाद निकाली गई महारैली

दैनिक भेल पॉवर ■

नगर पालिका रायसेन द्वारा हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अंतर्गत स्वच्छता वाहन रैली का आयोजन किया गया। रायसेन नगर पालिका से स्वच्छता वाहन रैली प्रारंभ की गई। ?स्वच्छता महा रैली वाहन रैली को विधायक प्रतिनिधि श्री जमना सेन ने हरी झंडी दिखाई एवं सीएमओ सुरेखा जाटव द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम में स्वच्छता की शपथ दिलाई। यह रैली नगर पालिका से प्रारंभ होकर शहर के सभी मार्गों से होती हुई गोपालपुर तिराहे से वापस आई। रैली में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता के संदेश दिए गए। कल इसी प्रकार से एक स्कूली बच्चों की बड़ी रैली उत्कृष्ट विद्यालय से प्रारंभ होगी एवं मानव श्रृंखला भी बनाई जाएगी।



## बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल में कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम संपन्न

दैनिक भेल पॉवर ■

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें भाषण चित्रकला एवं प्रदर्शनी प्रमुख रूप से शामिल किए गए। कुलगुरु प्रोफेसर एसके जैन की प्रेरणा एवं निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति ब्रिगेडियर श्री संजय घोष थे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कारगिल से जुड़े उनके विशेष संस्मरण सुनाए एवं विद्यार्थियों को एक अच्छा नागरिक बनकर देश सेवा में अपना योगदान देने का संकल्प दिलाया । आपने विद्यार्थियों से विशेष रूप सेआवाहन किया कि वे अपने जीवन काल में एक बार कारगिल अवश्य जाएं एवं कारगिल में शहीद हुए हमारे सैनिकों के स्मारकों पर पुष्प अर्पित कर पुण्य लाभ ले । अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पवन मिश्रा ने अपने स्वागत उद्बोधन दिया एवं विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर , समय प्रबंधन, अनुशासन लगन कठिन परिश्रम, सहनशीलता एवं सकारात्मक सोच को अपनाकर अपने जीवन को सफल बनाने हेतु प्रेरित किया में उपस्थित विशेष अतिथि प्रो. शशांक शेखर, डॉ आलोक मिश्रा, एवं डॉ. कपिल सोनी ने भी अपने व्याख्यान से छात्रों को लाभान्वित किया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ. रूपाली शिवलकर, डॉ.अच्छेलाल एवं डॉ प्रदीप दोहरे ने अपनी भूमिका निभाई। चित्रकला प्रतियोगिता में लाइफ साइंस बायोटेक विभाग की साक्षी सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि नित्या शुक्ला समाजशास्त्र विभाग द्वितीय एवं अप्लाइड एक्वाकल्चर विभाग की मुस्कान कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही भाषण प्रतियोगिता में वाणिज्य विभाग के रोहित पटेल ने प्रथम, बीसीए की दृष्टि करनानी ने द्वितीय एवं वाणिज्य विभाग के ही अमन सागर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कर्मचारी और सभी संकाय के विद्यार्थियों ने भाग लिया।



# अमेरिका भारत टकराए-चीन भारत करीब आए-रूस के समीकरण



जिसके कारण वे देश आर्थिक खस्ताहाली के शिकार हो जाते हैं पर परंतु वर्तमान भारत अमेरिका के हालातो को देखते हुए,मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र,आज 45 वर्षों के लेखन कार्य के इतिहास में व शायद भारत– अमेरिका दोस्ती के इतिहास में पहली बार इतनी टकराहट देख रहा हूं, कि भारत पर 50 पेर्सेंट टैरिफ लगाना व इसके बढ़ाने की धमकी देना तथा फिर प्रतिबंधों की बारी भी आ सकती है

वैश्विक स्तरपर वैसे तो अमेरिका की अनेक देशों के साथ टकराहट, फिर उनके ऊपर आर्थिक सामायिक प्रतिबंधों को लगाना, वैश्विक वित्तीय संस्थाओं का मुंह मोड़ना, जैसे अनेक किस हम सुनते रहते हैं, जिसके कारण वे देश आर्थिक खस्ताहाली के शिकार हो जाते हैं पर परंतु वर्तमान भारत अमेरिका के हालातो को देखते हुए,मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र,आज 45 वर्षों के लेखन कार्य के इतिहास में व शायद भारत-अमेरिका दोस्ती के इतिहास में पहली बार इतनी टकराहट देख रहा हूं, कि भारत पर 50 पेर्सेंट टैरिफ लगाना व इसके बढ़ाने की धमकी देना तथा फिर प्रतिबंधों की बारी भी आ सकती है,जिससे हमारे प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिकल व फामेर्सी इत्यादि क्षेत्रों में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। जिसपर मेरा मानना है कि इस संभावित होने वाले प्रभाव पर रणनीतिक रूप से काम करना शुरू हो गया होगा इसके साथ ही भारत का अपनी रणनीति कूटनीति पर भी काम शुरू हो गया होगा। अभी पीएम की रूसी राष्ट्रपति से बात हुई,संभवत वे नवंबर दिसंबर में भारत दौरे पर आ सकते हैं। वही हमारे पीएम 28 से 30 अगस्त 2025 को जापान, फिर 31 अगस्त से 1 सितंबर 2025 को एससीओ सम्मिट में चीन जाएंगे,जिसमे चीनी विदेश मंत्रालय के अनुसार भारतीय पीएम के आने की उत्सुकता है,व संभावना है कि इस टैरिफ रूपी आपदा को अवसर के रूप में बदलने की रणनीति हो सकती है, जिसनें अमेरिका को भी सख़्तें में डाल दिया है ?क्योंकि मुझे ऐसा लग रहा है कि जिस सोच के साथ ट्रंप ने भारत पर इतनी भारी मात्रा में टैरिफ लगाया है, वह सोच शायद उल्टी पड़ रही है और हो सकता है कि बातचीत को हथियार बनाकर टैरिफ को हटा भी दिया जाए तो आश्चर्य वाली बात नहीं होगी !परंतु भारत तो अपनी तैयारी में लग गया है, अगर इस बार रूस चीन भारत ब्राजील ईरान इत्यादि देशों का ग्रुप बन गया तो, वैश्विक कूटनीति व भू-राजनीतिक समीकरण में एक नया मोड़ आ जाएगा जो पश्चिमी विश्व के लिए भू-राजनीतिक भूचाल ला सकताहै ।इसलिए आज हम मीडिया में उपयोग जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यमसे चर्चा करेंगे,सुनिए बाबूजी! यह भारत है-अमेरिका भारत डायरेक्ट टकराहट अंतर्राष्ट्रीय शक्ति संतुलन की दिशा को प्रभावित कर सकता है। साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ का प्रभाव भू-राजनीतिक प्रभाव पर पढ़ने की करें तो,अंतरराष्ट्रीय राजनीति में आर्थिक हथियारों का इस्तेमाल कोई नई बात नहीं है, लेकिन जब यह हथियार दुनियाँ की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, यानी अमेरिका, चलाता है तो उसके प्रभाव वैश्विक होते हैं। हाल ही में अमेरिका ने भारत पर टैक्स लगाने का फैसला किया और साथ ही प्रतिबंध लगाने की संभावना के संकेत भी दिए। यह कदम न केवल भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव का कारण बन रहा है,बल्कि इसके पीछे एक और बड़ा खतरा छिपा है- भारत, चीन और रूस का संभावित ध्रुवीकरण। यह गठजोड़, यदि मजबूत हुआ, तो अमेरिका के लिए एक ऐसी भू-राजनीतिक चुनौती बन सकता है जो उसके दशकों से कायम आर्थिक और रणनीतिक प्रभुत्व को हिला देगी। अमेरिका और भारत के बीच हाल के समय में बढ़ता तनाव वैश्विक कूटनीति और भू-राजनीतिक समीकरणों में एक नए मोड़ की आहट देता है। अमेरिका -भारत डायरेक्ट मामले पर जो मतभेद उभर कर आए हैं, वे केवल द्विपक्षीय विवाद तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि यह पूरी अंतरराष्ट्रीय शक्ति-संतुलन की दिशा को प्रभावित कर सकते हैं। इस मुद्दे ने जहां भारत और अमेरिका के बीच अविश्वास की रेखा को गहरा किया है, वहीं दूसरी ओर यह चीन के लिए अवसर का द्वार खोलता दिख रहा है। अगर भारत और चीन अपने पुराने मतभेदों को किनारे रखकर किसी साझा रणनीति पर आगे बढ़ते हैं, तो पश्चिमी वर्ल्ड की राजनीतिक-आर्थिक बुनियाद पर गहरा असर पड़ सकता है।



साथियों बात अगर हम अमेरिका टकराव को अमेरिका का सबसे बड़ा राजनीतिक दुष्परिणाम होने की करें तो,भारत पर लगाए गए अमेरिकी टैक्स का असर केवल व्यापारिक संतुलन तक सीमित नहीं रहेगा। यह एक ऐसा संदेश है जो अमेरिकी नीति-निमार्ताओं की सोच को दशार्ता है-वे किसी भी देश के साथ अपने हितों के विरुद्ध जाने पर कठोर आर्थिक कदम उठा सकते हैं ।लेकिनभारत जो पिछले कुछ वर्षों में न केवल वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करने की स्थिति में आया है, बल्कि पश्चिमी देशों के लिए भी एक रणनीतिक साझेदार बनकर उभरा है, इस तरह के दबाव को आसानी से स्वीकार करने वाला नहीं है। भारत की आर्थिक नीतियों और रणनीतिक स्वायत्तता पर जोर देने की प्रवृत्ति अमेरिका की उम्मीदों से मेल नहीं खाती, और यही टकराव की जड़ है।

अमेरिका के इस कदम का सबसे बड़ा रणनीतिक दुष्परिणाम यह हो सकता है कि भारत और चीन-दोनों एशियाई दिग्गज, जिनके बीच पिछले वर्षों में सीमा विवाद और भू- राजनीतिक तनाव रहे हैं -आर्थिक और रणनीतिक मुद्दों पर एक साझा मंच पर आ सकते हैं। चीन पहले से ही अमेरिका के टैरिफ और प्रतिबंधों का सामना कर रहा है, और वह हर उस साझेदार की तलाश में है जो उसकी अमेरिका-विरोधी रणनीति को मजबूती दे सके। यदि भारत, अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए, अमेरिका के दबाव से निकलकर चीन के साथ कुछ क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाता है, तो यह अमेरिकी रणनीति के लिए बड़ा झटका होगा जिससे उबरने में उसे वक्त लगेगा। साथियों बात अगर हम भारत रूस पहलू को नजरअंदाज नहीं करने की करें तो, रूस और भारत के ऐतिहासिक रूप से मजबूत संबंध हैं,चाहे वह रक्षा सौदे हों, ऊर्जा व्यापार हो या अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पारस्परिक समर्थन। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस पहले से ही अमेरिका और यूरोपीय प्रतिबंधों का सामना कर रहा और उसने चीन के साथ अपना आर्थिक और रणनीतिक तालमेल बढ़ा लिया है। यदि भारत भी इस त्रिकोण में सक्रिय रूप से शामिल हो जाता है, तो भारत-चीन-रूस का यह ध्रुवीकरण न केवल एक मजबूत आर्थिक शक्ति बन सकता है, बल्कि एक वैकल्पिक वैश्विक शक्ति केंद्र के रूप में उभर सकता है, जो अमेरिकी नेतृत्व वाली पश्चिमी व्यवस्था को चुनौती देगा ।इस संभावित गठजोड़ के आर्थिक प्रभाव गहरे होंगे। भारत, चीन और रूस मिलकर वैश्विक ऊर्जा संसाधनों, विनिर्माण क्षमता और तकनीकी विकास के बड़े हिस्से पर नियंत्रण रखते हैं।

# सावन माह में महाकालेश्वर मंदिर के दिव्य दर्शन

धन्य-धन्य है वह धरा है,जहाँ पतित पावनी गंगा युग युगातरों से निंमल, निश्चल धारा बह रही है,तो वही दूसरी ओर पर्वतराज हिमालय देश के दुशमनों से रक्षा करने के अपना कर्त्तव्य निर्वाह करने को सैदव तत्पर है। ऐसी पवित्र पावन भारत भूमि में जन्म लेने के मानव को तरसते है। बड़ भागी है हम और आप जो जन्म भुमि को भारत माता कहकर पुकारते है ।यहाँ के पवित्र कण कण भगवान का वास है,तो हर कंकर में शंकर की दिव्य उपस्थित की झलक दिखती है। इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण हमारे धर्मशास्त्रों व वेद उपनिषदों में उल्लेख मिलता है ।तभी तो इस पवित्र धरा पर स्वयं राम,कृष्ण,नानक,बुद्ध, महाबीर,कबीर आदि ऋषि-मुनियों,संत-महापुरुषों ना केवल जन्म लिया बल्कि इस पवित्र भूमिअपनी तपोस्थली बनाते हुए सम्पूर्ण श्रृष्टि का जनकल्याण किया है ।इसका स्वंय साक्षी बनने का विगत दिनो मध्यप्रदेश के उज्जैन में स्थित महाकालेश्वर मंदिर के दिव्य दर्शन के दौरान अपने मीडिया मित्रों के संग स्वर्णिम पल का सुःखद आनंद मिला,वे भी सावन के पवित्र माह में स्वयं कालो के काल महाकाल का दर्शन करने का,ऐसा मैने अक्सर कहते हुए सुना है कि जब आप के पुण्य प्रताप एकत्रित होते है,स्वंय प्रभु ही आप को किसी न किसी को माध्यम बनाकर आप को दर्शन देते है ।मेरे साथ भी कुछ ऐसे ही हुआ है। मेरे पास एक परिचित बन्धु का फोन आया कि भाई साहब महाकाल का दर्शन करना चाहेगें आप ,मैने अचानक बिना सवाल किये कहा कि क्यूँ नही,सदाशिव सद्गुरू का दर्शन वे भी सावन के पवित्र माह में। आज मै आप सभी कालों के काल महाकाल अथार्त महाकालेश्वर



मंदिर के दिव्य दर्शन के बारे में बता रहा हूँ। यूँ तो यह हमारी नेशनल मीडिया यात्रा थी,हम सभी एक अधिकृत अधिकारी के कुशल नेतृत्व में दिल्ली से इन्दौर हवाई मार्ग से पहुँच गए,जहाँ रानी अहिल्यावाई होल्कर हवाई अड्डे के बाहर हम सभी का आपस मेंऔपचारिक परिचय व स्वागत के बाद सड़क मार्ग से विश्राम स्थल पर पहुँचे,जहाँ हमने दोपहर का भोजन का आनंद लिया ।इसके बाद इन्दौर से हमारी मीडिया टीम अपने कर्मक्षेत्र ताजपुर रेलवें पर पहुंचे गए ।सर्वविदित रहे कि यहाँ भारतीय रेलवे द्वारा इस स्टेशन पर पायलेट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत डायरेक्ट ड्राईव इन्टर लाकिंग सिस्टम परियोजना के प्रयोग के लिए आयोजित की गई थी ।यहाँ हमें रेलवे के नवीन तकनीकीयों की बारिकियों के बारे में तथा इस नई तकनीक की जानकारी परियोजना के सम्बन्धित अधिकारी से मिली ।यहाँ के अन्य स्थानीय अधिकारीयों व कर्मचारियों के संग हम सभी ने चाय की चुस्कियों का आनंद लेते हुए उनके नए व पुरानें कार्य प्रणाली जैसे रेल फाटक लॉक सिस्टम,रेल आगमन- प्रस्थान की सुचना,हरी झंडी आदि कायों को नजदीक से देखने का मौका मिला। इसमें रेलवे की नई सुरक्षा प्रणाली, रेलगाड़ी अभी किस स्टेशन पर से गुजर रही है- कहाँ पहुँचने वाली आदि सुचनाएँ कन्ट्रोल रूम में लगे हुए मॉनिटर पर देखा। आज के पूर्व निंधारित कार्य से निवृत होकर यहाँ से सभी मीडिया मित्र अपने चेहरों पर थकान की लकीरें सिमट हुए हमारा काफिला ताजपुर रेलवे स्टेशन से इन्दौर के लिए वापसी के लिए रवाना हुई ।तभी मेरी कार में हमारे सहयात्री सुश्री रानी सिंह राजपुत व विभागीय अधिकारी जिसका नाम घनश्याम सिंह यादव जी,जो काफी ही शांत स्वाभाव व एक सुलझें व अनुभवी अधिकारी से जो कि एकअच्छे व्यक्ति है ।उन्होंने हमदोनों की चेहरे की थकान को भापते हुए कहा कि आपलोग अभी ही थक गए हो,अभी तो आपको महाकाल के दर्शन भी कराने है। तभी मेरे मुँह से हाँ निकाला,मुझसे आपनें वादा किया है। शुक्रिया साहब आपका,तभी तपाक से रानी मैडम बोली कि क्या हमलोगों यहाँ से महाकालेश्वर मंदिर का दर्शन करनें जायेंगे ।मंदिर दर्शन के नाम से हम तीनों की आज थकान दुर हो गई ।तभी मैने हाँ,मैने तो अपने लिए भारतीय वस्त्र भी लाये है ।जिसे धारण कर हमअपने सद्गुरु शंकर अर्थात कालों के काल महाकाल महाकालेश्वर के दिव्य मंदिर दर्शन करने जायेंगे ।आप को नही चलना मैडम जी है क्या ।तपाक से रानी मैडम ने हम दोनों इंगित करते हुए कहा कि क्यों नही हम जायेंगे क्यूँ नहीं,हम जायेंगे-जायेंगें लेकिन आपलोग स्वार्थी हो ।जब आप को पता था विनोद सर कि प्रेस कवरेज के बाद हम सभी को बाबा महाकालेश्वर का दर्शन करने हेतू मंदिर जाने वाले है तो आप ने हमें क्यो नही बतलाया अगर मुझे भी पता होता तो हम भी भारतीय वस्त्र व परिधान अपने संग अपने आराध्य प्रिय भगवान भोलेनाथ के दिव्य ज्योति स्वरूप महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग का दर्शन करते ।मै आप से बहुत ही नाराज हूँ आपको इसके लिए पैलेन्टी लगेगी।

# संपादकीय

## भारत ने ट्रंप के आरोपों का कड़ा जवाब देते हुए स्पष्ट किया है

*भारत ने ट्रंप के आरोपों का कड़ा जवाब देते हुए स्पष्ट किया है कि वह अपने हितों से समझौता नहीं करेगा और बराबरी के स्तर पर ही बातचीत करेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ 'बॉस' भारत की तरक्की से जलते हैं। भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही है, जबकि अमेरिका की अर्थव्यवस्था संकट में है। सीजफायर और टैरिफ को लेकर डॉनल्ड ट्रंप के दावों-आरोपों का भारत ने अभी तक जो भी जवाब दिया, उसमें भाषा नम्र और सांकेतिक रखी गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बयान इस मायने में अलग और अहम है कि ट्रंप का नाम उन्होंने भी नहीं लिया, लेकिन इस बार जवाब ज्यादा सख्त था। यह स्पष्ट संकेत है कि भारत अपने हितों से समझौता नहीं करेगा। कोई भी बातचीत बराबरी के स्तर पर होनी चाहिए। कुछ बॉस भारत से जलते हैं । अपने मन मुताबिक डील करने में नाकाम रहे ट्रंप ने भारत की इकॉनमी को 'डेड' बताया था। राजनाथ सिंह ने इसी का जवाब देते हुए कहा- कुछ 'बॉस' भारत की तेज रफ्तार । दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक ने पिछले हफ्ते ही भारत की ग्रोथ का 2025-26 के लिए अनुमान 6.5% पर बनाए रखा, जबकि दुनिया की बाकी इकॉनमी की ग्रोथ के लिए यह अनुमान करीब 3% है। के डेटा बताते हैं कि 2024 में भारत ने ग्लोबल ग्रोथ में लगभग 17% का योगदान दिया और अगले 5 साल में यह आंकड़ा 20% तक पहुंच सकता है। भारत से जलते हैं। जिस रफ्तार से देश तरक्की कर रहा है, उससे वे खुश नहीं हैं। यह संयोग नहीं कि रविवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देश की अर्थव्यवस्था पर बात की ।मुश्किल में अमेरिका । महामारी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने सबसे शानदार रिकवरी की और युद्धों व वैश्विक उथल-पुथल के बीच भी वह बढ़त बनाए हुए है। हकीकत यह है कि खुद अमेरिका की अर्थव्यवस्था इस समय संकट के दौर में है। ट्रंप की नीतियों के चलते अमेरिकी अर्थशास्त्रियों को वहां महंगाई दर बढ़ने का डर है, जिससे आर्थिक विकास दर पर बुरा असर होगा। ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के कारण अगर अमेरिका में मंदी के हालात बनते हैं, तो असर दूसरे मुल्कों पर भी होगा।*

*बातचीत से समझौता । ट्रेड और टैरिफ पर ट्रंप का सख्त रुख किसी के लिए भी सही नहीं है। आखिरकार इस बढ़े टैक्स की कीमत अमेरिकियों को ही चुकानी पड़ेगी। ऐसे में बेहतर है कि समाधान बातचीत से निकाला जाए। लेकिन, वह बातचीत एकतरफा और अपनी मर्जी थोपने वाली नहीं हो सकती। अपनी ग्रोथ को बनाए रखने के लिए भारत की एनर्जी संबंधी जरूरतें अमेरिका से बिल्कुल अलग हैं। इसी तरह, विशाल किसान आबादी को लेकर भी भारत की कुछ चिंताएं हैं। किसी भी समझौते में इन पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए ।सीजफायर और टैरिफ को लेकर डॉनल्ड ट्रंप के दावों-आरोपों का भारत ने अभी तक जो भी जवाब दिया, उसमें भाषा नम्र और सांकेतिक रखी गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बयान इस मायने में अलग और अहम है कि ट्रंप का नाम उन्होंने भी नहीं लिया, लेकिन इस बार जवाब ज्यादा सख्त था। यह स्पष्ट संकेत है कि भारत अपने हितों से समझौता नहीं करेगा। कोई भी बातचीत बराबरी के स्तर पर होनी चाहिए। कुछ बॉस भारत से जलते हैं । अपने मन मुताबिक डील करने में नाकाम रहे ट्रंप ने भारत की इकॉनमी को 'डेड' बताया था। राजनाथ सिंह ने इसी का जवाब देते हुए कहा- कुछ 'बॉस' भारत की तेज रफ्तार ।*

## हेल्थ...

### वजन भी कम करना है और पिज्जा भी एंजॉय करना है...

*न्यूट्रिशनिस्ट अमाका ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर फिटनेस और डाइट टिप्स साझा किए हैं जिसमें उन्होंने वेट लॉस जर्नी को आसान बनाने का तरीका बताया है वजन कम करने का पहला नियम है डाइट पर कंट्रोल करना और बॉडी को एक्टिव रखना। डाइट पर कंट्रोल करने से मतलब डाइट में ऐसे फूड्स से परहेज करने से हैं जिसमें बहुत ज्यादा चीनी, अनहेल्दी फैट और रिफाइंड काबोहाइड्रेट मौजूद होता है। ये सभी फूड वजन बढ़ाने में अहम किरदार निभाते हैं। न्यूट्रिशनिस्ट अमाका ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर फिटनेस और डाइट टिप्स साझा किए हैं जिसमें उन्होंने वेट लॉस जर्नी को आसान बनाने का तरीका बताया है। आपको बता दें कि एक्सपर्ट ने सिर्फ 4 महीनों में अपना 25 किलो वजन घटाया था। वजन घटाने के लिए उन्होंने जो तरीका अपनाया था उसमें इंटरमिटेंट फास्टिंग, डिटॉक्स रूटीन, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग का कॉम्बिनेशन था। एक्सपर्ट ने 8 अगस्त को इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर करके बताया है कि अगर आप कुछ फूड्स का सेवन सीमित कर दें तो आप आसानी से अपना वजन घटा सकते हैं। टकुछ फूड ऐसे हैं जिन्हें खाने से बॉडी को कैलोरी ज्यादा मिलती है, उनसे पेट भरता नहीं और भूख भी बढ़ने लगती है जिससे आप और भी ज्यादा खाने लगते हैं। एक्सपर्ट ने बताया अगर आप पिज्जा खाने के शौकीन है और वेट लॉस भी करना चाहते हैं तो आप पिज्जा खाकर अपना वजन कंट्रोल कर सकते हैं। एक्सपर्ट ने बताया आप पिज्जा का सेवन डाइट-फ्रेंडली बनाकर करें तो आप आसानी से अपना वजन कंट्रोल कर सकते हैं। डाइट आपके पेट से लेकर कमर और चेहरे तक की चर्बी को कम कर देती है। आइए जानते हैं कि वजन कम करने के लिए कौन-कौन से फूड से परहेज करना जरूरी है।*

*एक्सपर्ट ने बताया अगर आप वेट लॉस करना चाहते हैं तो आप डाइट में कोक, फैंटा, मीठी आइस्ड टी, एनर्जी ड्रिंक का सेवन करने से परहेज करें। इन ड्रिंक में सिर्फ शक्कर मिला पानी होता हैं जिसके रूप में आप सैकड़ों कैलोरी पी जाते हैं, लेकिन फिर भी भूख लगती रहती है। अगर आप डाइटिंग कर रहे हैं और वजन भी घटाना चाहते हैं तो आप पानी पिएं, स्पार्कलिंग वॉटर, ब्लैक कॉफी या बिना शक्कर वाली चाय का सेवन करें। एक्सपर्ट ने बताया अगर आप वजन को कम करना चाहते हैं तो आप डोनट्स, केक से परहेज करें। बेकरी से आने वाली ज्यादातर चीजों में चीनी, मैदा और फैट होता हैं जो खाने में स्वादिष्ट लगती*

## आज का राशिफल

**मेष : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।**

मेष : आँखों के मरीज प्रदूषित जगहों पर जाने से बचें, क्योंकि धूँआ आपकी आँखों को और नुकसान पहुँचा सकता है। अगर मुमकिन हो तो सूरज की तेज रोशनी से भी बचे। आर्थिक तौर पर सिर्फ और सिर्फ एक स्रोत से ही लाभ मिलेगा। एक पारिवारिक आयोजन में आप सभी के ध्यान का केन्द्र होंगे। अपनी बातों को सही साबित करने के लिए आज के दिन आप अपने संगी से झगड़ सकते हैं। हालांकि आपका साथी समझदारी दिखाते हुए आपको शांत कर देगा। आज का दिन बढ़िया प्रदर्शन और खास कामों के लिए है।

**वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।**

वृषभ : बीमारी आपकी उदासी की वजह हो सकती है। आपको परिवार में फिर से खुशी का माहौल बनाने के लिए जल्द-से-जल्द इससे बाहर आने की जरूरत है। नौकरी पेशा से जुड़े लोगों को आज धन की बहुत आवश्यकता पड़ेगी लेकिन बीते दिनों में किये गये फिजुलखर्च के कारण उनके पास पर्याप्त धन नहीं होगा। दूसरों को प्रभावित करने की आपकी क्षमता आपको कई सकारात्मक चीजें दिलाएगी। दोस्ती में प्रगाढ़ता के चलते रोमांस का फूल खिल सकता है। आज आपके पास अपनी धनार्जन की क्षमता को बढ़ाने के लिए ताकत और समझ दोनों ही होंगे।

**मिथुन: क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।**

मिथुन : आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं। आर्थिक तौर पर सुधार तय है। आपका जीवनसाथी आपकी सहायता करेगा और मददगार साबित होगा। भावनात्मक उथल-पुथल आपको परेशान कर सकती है। आपके काम की गुणवत्ता देखकर आपके वरिष्ठ आपसे प्रभावित होंगे। आपके घर वाले आज आपसे कई परेशानियां शेयर करेंगे लेकिन आप अपनी ही धुन में मस्त रहेंगे और खाली समय में कुछ ऐसा करेंगे जो करना आपको पसंद है।

**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।**

कर्कःकठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। हिम्मत न हारें और इच्छित फल पाने के लिए कड़ी मेहनत करें। इन नाकामियों को तरक़्की का आधार बनाएँ। मुश्किल घड़ी में रिश्तेदार भी काम आएंगे। जीवनसाथी की खराब तबीयत के कारण आज आपका धन खर्च हो सकता है लेकिन आपको इसको लेकर चिंता करने की जरुरत नहीं है क्योंकि धन इसीलिये बचाया जाता है कि बुरे समय में वो आपके काम आ सके। दूसरों को प्रभावित करने की आपकी क्षमता आपको कई सकारात्मक चीजें दिलाएगी।

**सिहंः मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।**

सिंह :चोट से बचने के लिए सावधानी से बैठें। साथ ही सही तरीके से कमर सीधी करके बैठना न केवल व्यक्तित्वमें सुधार लाता है, बल्कि सेहत और आत्म-विश्वास के स्तर को भी ऊपर ले जाता है। सिर्फ अक़्लमंदी से किया गया निवेश ही फलदायी होगा- इसलिए अपनी मेहनत की कमाई सोच-समझ कर लगाएँ। शाम का वक़्त दोस्तों के साथ बिताना दिलचस्प तो रहेगा ही, साथ ही छुट्टी साथ बिताने की योजनाओं पर भी चर्चा हो सकेगी। अगर आप अपने प्रिय को पर्याप्त समय न दें, तो वह नाराज हो सकता/सकती है।

**कन्याः टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।**

कन्याःआज आपकी सेहत पूरी तरह अच्छी रहेगी। आर्थिक जीवन में आज खुशहाली रहेगी। इसके साथ ही आप कर्जों से भी आज मुक्त हो सकते हैं। घरेलू मामलों और काफी समय से लंबित घर के काम-काज के हिसाब से अच्छा दिन है। कोई अच्छी खबर या जीवनसाथी/प्रिय से मिला कोई संदेश आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी। आज काफी दिगागी कसरत मुमकिन है। आपमें से कुछ शतरंज खेल सकते हैं, वर्ग-पहेली हल कर सकते हैं, कोई कविता-कहानी लिख सकते हैं।

**तुलाः रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।**

तुला :नर्वस ब्रेकडाउन आपकी सोचने की ताकत और शरीर के प्रतिरक्षा तंत्र को कमजोर बना सकता है। सकारात्मक सोच के जरिए इस समस्या से निजात पाएँ। कुछ जरूरी योजनाएँ क्रियान्वित होंगी और ताजा आर्थिक मुनाफा पहुँचाएंगी। आपके बच्चे के पुरुस्कार वितरण समारोह का बुलावा आपके लिए खुशनुमा एहसास रहेगा। वह आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा और आप उसके जरिए अपने सपने साकार होते हुए देखेंगे। अपने प्रिय की ईमानदारी पर शक न करें। आज का दिन समझ-बूझ के कदम उठाने का हैं।

**वृश्चिकः तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।**

वृश्चिकःआपका उदार स्वभाव आज आपके लिए कई खुशनुमा पल लेकर आएगा। आज आप अपने घर के सदस्यों को कहीं घुमाने ले जा सकते हैं और आपका काफी धन खर्च हो सकता है। दोस्त और पारिवारिक मित्र आपका उत्साह बढ़ाएंगे। किसी तीसरे इंसान का दखल आपके और आपके प्रिय के बीच गतिरोध पैदा करेगा। अपना बायोडाटा भेजने या किसी इंटरव्यू में जाने के लिए अच्छा समय है। शहर से बाहर यात्रा ज्यादा आरामदेह नहीं रहेगी, लेकिन आवश्यक जान-पहचान बनाने के लिहाज से फायदेमंद साबित होगी।

**धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।**

धनुःआप आज खुद को रोजाना की अपेक्षा कम ऊजार्वान महसूस करेंगे। स्वयं को जरूरत से ज्यादा काम के नीचे न दबाएँ, थोड़ा आराम करें और आज के कामों को कल तक के लिए टाल दें। धन का आगमन आज आपको कई आर्थिक परेशानियों से दूर कर सकता है। बच्चे आपको घरेलू काम-काज निबटाने में मदद करेंगे। कुछ लोगों के लिए नया रोमांस ताजगी लाएगा और आपको खुशमिजाज रखेगा। नौकरों और सहकर्मियों से परेशानी होने की संभावना को खारिज नहीं किया जा सकता है। आज के दिन आपके कुछ दोस्त आपके घर में आ सकते हैं और उनके साथ आप समय बिता सकते हैं।

**मकरः भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।**

मकरःआज अतीत के गलत फैसले मानसिक अशान्ति और क्लेश की वजह बनेंगे। आप खुद को अकेला पाएंगे और सही-गलत का निर्णय करने में असमर्थ महसूस करेंगे। दूसरों की सलाह लें। आज के दिन आपको आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता अहि- मुमकिन है कि आप जरूरत से ज्यादा खर्च करें या आपका बटुआ खो भी सकता है- ऐसे मामलों में सावधानी की कमी आपको नुकसान पहुँचा सकती है। पुरखों की जायदाद की खबर पूरे परिवार के लिए खुशी ला सकती है। सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है।

**कुंभः गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।**

कुंभःअच्छी चीजों को ग्रहण करने के लिए आपका दिमाग खुला रहेगा। जो लोग शादीशुदा हैं उन्हें आज अपने बच्चों की पढ़ाई पर अच्छा खासा धन खर्च करना पड़ सकता है। कोशिश करें की कोई आपकी बातों या काम से आहत न हो और पारिवारिक जरूरतों को समझें। एक लम्बा दौर जो काफी समय से आपको दबोचे हुए था, खत्म हो चुका है- क्योंकि जल्दी ही आपको आपका जीवन-साथी मिलने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपके सामने नई चुनौतियाँ आएंगी- खास तौर पर अगर आप कूटनीतिक तरीके से चीजों को नहीं इस्तेमाल करेंगे तो।

**मीनः तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।**

मीनाःसेहत बढ़िया रहेगी। जल्दबाजी में निवेश न करें- अगर आप सभी मुमकिन कोणों से परखेंगे नहीं तो नुकसान हो सकता है। परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व होगा।आज के दिन किसी के साथ छेड़खानी करने से बचें। ऐसे लोगों से हाथ मिलाएँ जो रचनात्मक हैं और जिनके खयालात आपसे मिलते हैं। आज का दिन फायदेमंद साबित होगा, क्योंकि ऐसा लगता है कि चीजें आपके पक्ष में जाएंगी और आप हर काम में अव्वल रहेंगे। आपका जीवनसाथी अपने दोस्तों में कुछ ज्यादा व्यस्त हो सकता हैं।




## शरीर में हार्मोन संतुलित करने के लिए रोज सुबह जरूर पिएं ये ड्रिंक, दूर होंगी कई समस्याएं

स्वस्थ रहने के लिए शरीर में हार्मोन्स का बैलेंस रहना भी बेहद जरूरी होता है। अगर आपके हार्मोन्स असंतुलित हो गए हैं तो संभव है कि आपको स्वास्थ्य से जुड़ी अन्य कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसे बैलेंस रखने के लिए लोग तरह-तरह के नुस्खे अपनाते हैं। कुछ लोग तो इसके लिए दवाओं का भी सेवन करते हैं। जबकि आप घर पर बनी मात्र एक हेल्दी ड्रिंक पीकर भी हार्मोन्स को बैलेंस कर सकते हैं। आइये डाइटिशियन ऋचा गंगानी से जानते हैं इस ड्रिंक को पीने से हार्मोन्स कैसे नियंत्रित होते हैं और इसे बनाने का तरीका।

### कैसे बनाएं ये ड्रिंक?

- यह ड्रिंक बनाना काफी आसान है। इसे आप घर पर आसानी से बना सकते हैं।
- इस ड्रिंक को बनाने के लिए आपको घी और नारियल का तेल लेना है।
- अब इसके बाद आपको हल्दी और काली मिर्च लेनी है।
- यह सामाग्रियां जुटाने के बाद आपको एक गिलास पानी गर्म करना है।
- अब गर्म पानी में सबसे पहले एक चम्मच घी मिलाएं। इसके बाद इसमें अन्य सामग्रियां डालें।
- इस ड्रिंक एक साथ मिलाकर आप सुबह खाली पेट इसे पी सकते हैं।

### हार्मोन्स बैलेंस करने में मददगार

अगर आपको हार्मोनल इंबैलेंस की समस्या है तो ऐसे में इस ड्रिंक को जरूर पिएं। इसमें घी और हल्दी की मात्रा होती है, जो शरीर में हार्मोन्स के उत्पादन को कंट्रोल करने के साथ ही उसे बैलेंस रखने में भी मदद करती है। यह ड्रिंक शरीर में होने वाले ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस और सूजन को कम करके हार्मोन्स के इंबैलेंस को कम करने में मददगार साबित होती है। सुबह के समय घी खाने से शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरॉन हार्मोन्स का लेवल बैलेंस रहता है।

### इस ड्रिंक को पीने के अन्य फायदे

- यह ड्रिंक सेहत के लिए अन्य भी कई तरीकों से फायदेमंद साबित होती है।
- अगर आप वजन घटाना चाहते हैं तो भी इस ड्रिंक को पी सकते हैं।
- इसे पीने से पाचन प्रक्रिया तेज होने के साथ ही मेटाबॉलिज्म भी दुरुस्त रहता है।
- इस ड्रिंक को पीने से शरीर की थकान दूर होती है साथ ही उर्जा की कमी महसूस नहीं होती है।



# गर्मियों में बढ़ जाता है टिनिया नाइग्रा इंफेक्शन का जोखिम

**गर्मी में बैक्टीरियल स्किन इन्फेक्शन होना बहुत ही आम बात है। वैसे तो स्किन इंफेक्शन के लक्षण बहुत ही आम होते हैं, लेकिन कुछ इंफेक्शन ऐसे भी होते हैं, जो कुछ ही लोगों को होते हैं। इन्हीं इंफेक्शन में से एक है टिनिया नाइग्रा इंफेक्शन। टिनिया नाइग्रा इन्फेक्शन क्या है, इसके लक्षण क्या हैं और इससे बचाव करने के लिए क्या किया जा सकता है**

गर्मी के मौसम में तेज धूप, लू, पसीने और धूल-मिट्टी की वजह से स्किन इंफेक्शन का खतरा ज्यादा रहता है। ऐसा कोई व्यक्ति नहीं होगा जिसको अपनी लाइफ में किसी तरह का स्किन इंफेक्शन जरूर होता। विशेषकर गर्मी में बैक्टीरियल स्किन इन्फेक्शन होना बहुत ही आम बात है। वैसे तो स्किन इंफेक्शन के लक्षण बहुत ही आम होते हैं, लेकिन कुछ इंफेक्शन ऐसे भी होते हैं, जो कुछ ही लोगों को होते हैं। इन्हीं इंफेक्शन में से एक है टिनिया नाइग्रा इंफेक्शन। टिनिया नाइग्रा इन्फेक्शन क्या है, इसके लक्षण क्या हैं और इससे बचाव करने के लिए क्या किया जा सकता है।

### क्या है टिनिया नाइग्रा इंफेक्शन

टिनिया नाइग्रा इंफेक्शन एक दुर्लभ प्रकार का फंगल इंफेक्शन है। यह इंफेक्शन मुख्य रूप से पैरों के तलवे और हथेलियों को प्रभावित करता है। कुछ मामलों में यह इंफेक्शन पूरे शरीर को प्रभावित कर सकता है। गर्मी के मौसम में जिन लोगों को पसीना ज्यादा आता है, उन्हें नाइग्रा इंफेक्शन होने का खतरा ज्यादा रहता है। टिनिया नाइग्रा इंफेक्शन शरीर पर काले धब्बे की तरह विकसित है। कुछ केस में इसके धब्बे भूरे और लाल भी हो सकते हैं।

### टिनिया नाइग्रा इन्फेक्शन के लक्षण क्या हैं

टिनिया नाइग्रा इंफेक्शन त्वचा पर खुरदरे, भूरे या काले धब्बे के रूप में दिखाई दे सकता है। शुरुआत में कुछ लोग टिनिया नाइग्रा इंफेक्शन को स्किन कैंसर समझने की भूल कर सकते हैं, क्योंकि यह समय के साथ बड़ा होता जाता है। लेकिन डॉक्टर के पास जाने से आपके कई भ्रम दूर हो सकते हैं। टिनिया नाइग्रा काला धब्बा त्वचा के कैंसर से अलग होगा क्योंकि इसका आकार अजीब होता है। यदि आपके हाथों पर टिनिया नाइग्रा है, तो आप पाएंगे कि इसका रंग पूरे दिन बदलता रहता है। यह सुबह के समय गहरे भूरे रंग से लेकर शाम के समय हल्के रंग तक हो सकता है। इस इन्फेक्शन के लक्षण हथेलियों पर दिनभर काम करने और आपने किस तरह की चीजों को छुआ है, इस पर आधारित हो सकते हैं। यह इंफेक्शन आमतौर पर हाथों की हथेलियों और पैरों के तलवों को प्रभावित करता है। कुछ मामलों में यह गर्दन पर भी विकसित हो सकता है। चूंकि टिनिया नाइग्रा इंफेक्शन के कारण ज्यादा लोगों को परेशानी नहीं होती है, इसलिए इस इंफेक्शन का पता बहुत लंबे समय के बाद पता चलता है।

### टिनिया नाइग्रा होने का कारण क्या है

यह स्किन इन्फेक्शन हॉर्टिया वर्नेकी नामक कवक के संपर्क में आने के बाद होता है। हॉर्टिया वर्नेकी अत्यधिक खारे वातावरण या अत्यधिक उच्च नमक सामग्री वाले स्थानों पर पनपता है। टिनिया नाइग्रा की ऊष्मायन अवधि लंबी होती है। इसका मतलब यह है कि हॉर्टिया वर्नेकी के संपर्क में आने के बाद यह तुरंत दिखाई नहीं देता है। फंगस के संपर्क में आने के कम से कम 2 से 7 सप्ताह बाद आप अपनी त्वचा के रंग में बदलाव देखने को मिलते हैं। यही वजह है कि टिनिया नाइग्रा इन्फेक्शन के लक्षण देरी से नजर आते हैं।

### टिनिया नाइग्रा का इलाज क्या है

यदि आपको लगता है कि आपको टिनिया नाइग्रा है, तो आपको स्किन स्पेशलिस्ट से मिलना चाहिए। स्किन स्पेशलिस्ट यह जानने के लिए संक्रमित क्षेत्र का एक नमूना लेंगे कि आपको टिनिया नाइग्रा है या नहीं। यदि आपके टेस्ट का रिजल्ट पॉजिटिव आता है, तो आप एंटीफंगल स्किन क्रीम के जरिए इसे ठीक कर सकते हैं। 2 से 4 सप्ताह के लगातार उपयोग के बाद एंटी फंगल स्किन क्रीम आपके टिनिया नाइग्रा को ठीक कर देगी।





# आप भी पीते हैं नमक वाली चाय?

## जानें इससे होने वाले गंभीर नुकसान

**चाय में दूध के साथ नमक मिलाकर पीने से अपच, एसिडिटी और ब्लड प्रेशर समेत कई गंभीर समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।**

चाय भारत में पानी के बाद सबसे ज्यादा पी जाने वाली ड्रिंक है। इसका सेवन बड़े-बूढ़ों से लेकर बच्चे भी करते हैं। चाय का मार्केट इतना बड़ा है कि दुनियाभर में अलग-अलग तरह की चाय मिलती है। आमतौर पर लोग दूध वाली चाय का ही सेवन करते हैं। भारत में मसाला चाय और हर्बल चाय का भी चलन है। सावधानीपूर्वक और सही तरीके से चाय का सेवन करने से शरीर को फायदे भी मिलते हैं। लेकिन गलत तरीके से इसका सेवन करना सेहत के लिए गंभीर होता है। चाय का सेवन करने वाले कुछ लोग इसमें नमक मिलाकर भी पीते हैं। नमक वाली चाय सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकती है।

### नमक वाली चाय पीने के नुकसान

नमकीन चाय एक प्रकार की चाय है जिसमें नमक और अन्य मसाले डाले जाते हैं। अक्सर लोग चाय बनाते समय दूध के साथ कुछ मात्रा में नमक भी डाल देते हैं। सर्दी-जुकाम या इन्फेक्शन होने पर भी लोग नमकीन चाय का सेवन करते हैं। नक्लीनिकल डाइटिशियन कहते हैं, चाय में दूध के साथ नमक मिलाकर पीना नुकसानदायक होता है। नमक वाली चाय का सेवन करने से कई गंभीर नुकसान का खतरा रहता है। इसलिए चाय में दूध के साथ नमक मिलाकर पीने से बचना चाहिए। नमक वाली चाय पीने के नुकसान इस तरह से हैं-

**हाई ब्लड प्रेशर** - दूध वाली चाय में नमक डालकर पीने से हाई ब्लड प्रेशर का खतरा रहता है। नमक ज्यादा खाने से ब्लड में नाट्रियम की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे बीपी बढ़ सकता है।

**शरीर में पानी भरना** - नमक वाली चाय का ज्यादा सेवन करने से शरीर में पानी भर सकता है। इसकी वजह से पेशाब की समस्या भी हो सकती है।


**गैस और एसिडिटी** - नमक के अधिक सेवन से पाचन तंत्र में समस्याएं हो सकती हैं, जिससे गैस और एसिडिटी का खतरा रहता है। यह पेट में असहजता और तकलीफ का कारण बन सकता है।

**पाचन तंत्र के लिए हानिकारक** - नमकीन चाय का अधिक सेवन करने से पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचता है। इससे कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं।

**शरीर में पानी की कमी** - नमक के अत्यधिक सेवन से शरीर में पानी की मात्रा कम हो जाती है, जिससे कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं।

### नुकसान से कैसे बचें?

नमक वाली चाय का सेवन शरीर में ऊपर बताई गई समस्याओं का कारण हो सकता है। इसके अलावा चाय का भी ज्यादा मात्रा में सेवन करने से कई गंभीर नुकसान होने का खतरा रहता है। चाय पीने की वजह से होने वाले नुकसान से बचने के लिए हेल्दी डाइट और एक्टिव लाइफस्टाइल अपनानी चाहिए। इसके नुकसान से बचने के लिए डाइट में फल, सब्जी और हेल्दी चीजों को शामिल करें। नियमित रूप से व्यायाम और एक्सरसाइज का अभ्यास करने से भी इसके नुकसान को कम करने में मदद मिलती है।



# डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर क्या है?

## जानें बच्चों में दिखाई देने वाले इसके लक्षण

**बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर एक चिंता का विषय है। ट्रॉमा स्वयं विभिन्न रूपों में प्रकट हो सकता है। कई बार बचपन में कुछ बच्चों ऐसी घटना का सामना करना पड़ता है, जिसका असर उन्हें बाद तक महसूस होता है। इसका प्रभाव बच्चे के जीवन में कई तरह की नकारात्मकता को ला सकता है। इसकी वजह से बच्चे के मानसिक विकास प्रभावित होता है। बच्चा अन्य बच्चों की तुलना में पिछड़ सकता है। इस लेख में आगे जानेगें कि डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर क्या है। इस दौरान कैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं।**

इस स्थिति में बच्चों को घर के सदस्य या करीबी से मानसिक समस्या हो सकती है। डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर (डीटीडी) में बच्चे की भावनाओं पर बुरा असर पड़ता है। डीटीडी प्रतिकूल परिस्थितियों, जैसे दुर्व्यवहार, उपेक्षा, या घरेलू वातावरण में अस्थिरता के कारण हो सकता है। डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर के कारण अलग-अलग हो सकते हैं, जो अक्सर सामाजिक-आर्थिक और पारिवारिक स्थितियों से जुड़े होते हैं। बच्चे अक्सर शारीरिक, भावनात्मक या यौन शोषण के साथ-साथ अपने करीबी के द्वारा उपेक्षा या छोड़ने के चलते डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर महसूस कर सकते हैं।

### डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर के लक्षण

लोगों के साथ जुड़ने में मुश्किल होना

डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर का एक प्रमुख लक्षण है कि बच्चे देखभाल करने वालों या अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ सुरक्षित महसूस नहीं करते हैं। बच्चे किसी पर ट्र्स्ट नहीं कर पाते हैं। इसका असर बच्चे के सामाजिक और भावनात्मक डेवलपमेंट में भी पड़ सकता है।

### भावनात्मक विकृति

डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर वाले बच्चे अक्सर अपनी भावनाओं को नियंत्रित नहीं कर पाते हैं, तेजी से मूड स्विंग्स, क्रोध या आक्रामकता जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। यह बच्चे के ट्रॉमा की वजह से उत्पन्न होता है। बच्चे किसी से बात नहीं कर पाते हैं।

### हमेशा डर में रहना

ट्रॉमा के अपने पिछले अनुभवों के कारण, बच्चे अक्सर अपने वातावरण में संभावित खतरों के प्रति अतिसतर्कता और बढ़ी हुई संवेदनशीलता प्रदर्शित करते हैं। वे अपरिचित स्थितियों या व्यक्तियों से अत्यधिक सावधान हो सकते हैं। किसी कार्य को वह बार-बार टालने लगते हैं।

### कॉग्नेटिव माइंड पर असर

डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर में बच्चे के संज्ञानात्मक कामकाज (कॉग्नेटिव माइंड) प्रभावित हो सकता है, जिससे बच्चा केंद्रित करने, सीखने और जानकारी को याद नहीं रख पाता है। बच्चे की पढ़ाई में भी इसका असर पड़ता है।

### व्यवहार में बदलाव

कुछ मामलों में, डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर वाले बच्चे अपने भावनात्मक दर्द से बचने के लिए आक्रमक हो जाते हैं। उनके व्यवहार गुस्से में बदलने लगता है। इसकी वजह से उनको घर के अन्य लोगों से डांट खाने को मिल सकती है।

डेवलपमेंट ट्रॉमा डिसऑर्डर एक जटिल और चुनौतीपूर्ण मानसिक स्वास्थ्य समस्या है, जो प्रभावित बच्चों के जीवन पर गहरा प्रभाव डालती है। यदि, बच्चे में इस तरह के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# बांके बिहारी मंदिर की देखरेख के लिए सुको ने बना दी कमेटी


**नई दिल्ली, एजेंसी।**
वृंदावन स्थित श्री बांके बिहारी जी महाराज मंदिर के प्रबंधन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा आदेश जारी किया है। अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व जज न्यायमूर्ति अशोक कुमार की अध्यक्षता में एक हाई पावर्ड कमेटी गठित की है, जो मंदिर के रोजमर्रा के संचालन और प्रबंधन की निगरानी करेगी। यह आदेश उस समय आया जब अदालत ने उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश, 2025 के तहत गठित राज्य सरकार की कमेटी के संचालन पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अध्यादेश की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अब इलाहाबाद हाईकोर्ट निर्णय देगा। तब तक मंदिर का संचालन सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित यह कमेटी ही संभालेगी।

अध्यक्ष - न्यायमूर्ति अशोक कुमार (पूर्व इलाहाबाद हाईकोर्ट जज)

सदस्य - मुकेश मिश्रा (सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, यूपी न्यायपालिका) जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मथुरा मुंसिफ/सिविल जज, मथुरा जिलाधिकारी, मथुरा (सदस्य-सचिव) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मथुरा नगर आयुक्त, मथुरा उपाध्यक्ष, मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण एक प्रसिद्ध वास्तुकार (अध्यक्ष द्वारा नियुक्त) एएसआई (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) का एक प्रतिनिधि दोनों गोस्वामी समूहों से दो-दो सदस्य।

न्यायमूर्ति अशोक कुमार को अध्यक्ष के रूप में रु. 2 लाख प्रतिमाह मानदेय मिलेगा, जो मंदिर कोष से दिया जाएगा। उन्हें सचिवालय, परिवहन सहित सभी आवश्यक सुविधाएं दी जाएंगी। मुकेश मिश्रा को 1 लाख रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि मंदिर के पिछले अस्थायी प्रबंधन पूरी तरह निष्क्रिय और अप्रभावी रहे हैं। अदालत ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, हमने पाया कि मंदिर को सैकड़ों



करोड़ रुपये के दान मिलने के बावजूद श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधाओं की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। गोस्वामी शैबायत गुटों में आपसी विवाद और मुकदमेबाजी ने प्रशासनिक ठहराव को और बढ़ाया है। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि चार गोस्वामी प्रतिनिधियों को छोड़कर कोई अन्य गोस्वामी या सेवायत मंदिर के संचालन में हस्तक्षेप नहीं करेगा, सिवाय पूजा, सेवा और प्रसाद वितरण की प्रक्रिया में।

कमेटी को मंदिर और उसके आसपास के क्षेत्र का संपूर्ण विकास करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए आवश्यक भूमि का निजी समझौते से क्रय किया जा सकता है, और आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार कानून के तहत भूमि अधिग्रहण करेगी। श्रद्धालुओं के लिए साफ पीने का पानी, कार्यशील शौचालय, पर्याप्त आश्रय, बैठने की जगह, भीड़ प्रबंधन के लिए अलग कॉरिडोर, और बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों एवं दिव्यांगजनों के लिए विशेष व्यवस्था अनिवार्य होगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट को एक वर्ष में अध्यादेश की संवैधानिक वैधता पर फैसला देने का अनुरोध। 15 मई 2025 के उस फैसले को वापस लिया गया, जिसमें राज्य को मंदिर कोष का उपयोग वृंदावन कॉरिडोर विकास परियोजना में करने की अनुमति दी गई थी। एक दिन पहले उच्चतम न्यायालय ने कहा कि उत्तर प्रदेश के वृंदावन स्थित प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर पर प्रशासनिक नियंत्रण को लेकर राज्य सरकार द्वारा जारी अध्यादेश तब तक लंबित रहेगा, जब तक उच्च न्यायालय इसकी संवैधानिक वैधता पर फैसला नहीं कर लेता। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास अध्यादेश 2025 को चुनौती देने वाली और वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर विकसित करने की राज्य की महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी देने वाले 15 मई के आदेश को वापस लेने संबंधी याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने कहा कि वह समन्वय पीठ के 15 मई के उस आदेश में संशोधन करेगी, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए 'होल्डिंग एरिया' विकसित करने के वास्ते देवता के नाम पर पांच एकड़ भूमि अधिग्रहण करने को लेकर मंदिर के धन का उपयोग करने की अनुमति दी गई थी। पीठ ने कहा, ''हम इस अध्यादेश को तब तक स्थगित रखेंगे, जब तक उच्च न्यायालय इसकी वैधता पर निर्णय नहीं देता। अध्यादेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने वाली याचिकाएं भी उच्च न्यायालय को भेजी जाएंगी।'' न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि उच्च-स्तरीय समिति को मंदिर में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधाओं में सुधार और इनकी खरीद सुनिश्चित करने का अधिकार होगा। शीर्ष अदालत उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें अध्यादेश को चुनौती दी गई है। इनमें से एक याचिका ठाकुर श्री बांके बिहारी जी महाराज मंदिर, मथुरा की प्रबंध समिति की ओर से अधिवक्ता तन्वी दुबे ने दायर की है।

## संक्षिप्त समाचार

### तेजस्वी का आरोप-डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा के नाम दो वोटर लिस्ट, दो ईपिक कार्ड

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में दो वोटर आईडी कार्ड वाले विवाद को लेकर सियासत काफी गर्म है। दरअसल बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के पास दो ईपिक नंबर होने की जब बात सामने आई थी तब चुनाव आयोग ने तेजस्वी यादव को खत लिख इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा था। अब राजद नेता तेजस्वी यादव ने बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा पर बड़ा आरोप लगाया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा के नाम से दो वोटर आईकार्ड है। तेजस्वी यादव ने कहा है कि लखीसराय और पटना के वोटर लिस्ट में विजय सिन्हा का नाम है और तो क्या प्रशासन या चुनाव आयोग उन्हें नोटिस भेजेगा?रविवार को अपने सरकारी आवास एक पोलो रोड में पत्रकारों से बातचीत में तेजस्वी ने कहा कि उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के पास दो मतदाता पहचान पत्र है। एक लखीसराय तो दूसरा पटना का मतदाता पहचान पत्र है। अगर विजय सिन्हा ने खुद फॉर्म नहीं भरा तो आयोग बताए कि उनका दो जगह पहचान पत्र कैसे बना। दिलचस्प यह है की दोनों कार्ड में उनकी उम्र भी अलग-अलग है। इससे साफ है कि एसआईआर की पूरी प्रक्रिया फर्जीवाड़ा है।

### महाराष्ट्र चुनाव से पहले दो लोग मुझसे मिले और 160 सीट पर जीत की दी गारंटी; शरद पवार का दावा

**मुंबई, एजेंसी।** एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव को लेकर शनिवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले दो व्यक्तियों ने नई दिल्ली में उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने 288 में से 160 निर्वाचन क्षेत्रों में विपक्ष की जीत की गारंटी दी थी। नागपुर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि उन्होंने दोनों व्यक्तियों को विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मिलवाया। शरद पवार ने यह खुलासा ऐसे समय में किया है, जब राहुल ने भाजपा और निर्वाचन आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दावा किया, 'महाराष्ट्र में 2024 के विधानसभा चुनाव से पहले नई दिल्ली में दो लोग मुझसे मिले थे। उन्होंने विपक्ष (महा विकास आघाडी) को 288 में से 160 सीटें जीतने में मदद की गारंटी दी।' एनसीपी (एसपी) प्रमुख ने कहा, 'मैंने उन्हें राहुल गांधी से मिलवाया। उन्होंने उन दोनों व्यक्तियों ने जो कुछ भी कहा, उसे नजरअंदाज कर दिया। उनका यह भी मानना था कि हमें ऐसे मामलों में नहीं पड़ना चाहिए और सीधे जनता के पास जाना चाहिए।'शरद पवार ने दावा किया कि चूंकि दोनों व्यक्तियों ने जो कुछ भी कहा, उसे उन्होंने बहुत तवज्जो नहीं दी। इसलिए उन्होंने उनका नाम और संपर्क ब्योरा नहीं रखा। मालूम हो कि भाजपा ने विधानसभा चुनावों में 132 सीटें जीतीं, जबकि उसकी सहयोगी शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने क्रमशः 57 और 41 निर्वाचन क्षेत्रों में जीत दर्ज की। विपक्षी गठबंधन 'महा विकास आघाडी' ने अपनी हार के लिए ईवीएम में गड़बड़ी और डेटा में छेड़छाड़ को जिम्मेदार ठहराया था। महा विकास आघाडी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्य की 48 में से 30 लोकसभा सीट पर जीत दर्ज की थी।

### घर पर बच्चों को तंग तो नहीं किया जा रहा, रखी जाएगी नजर; 'सुरक्षा मित्रम' की शुरुआत

**अलप्पुझा, एजेंसी।** केरल के स्कूलों में एक अनोखी पहल की जा रही है। इसके तहत इस बात पर नजर रखी जाएगी कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को उनके घर पर परेशान तो नहीं किया जा रहा। इसके लिए 'सुरक्षा मित्रम' योजना की घोषणा की गई है। केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने इसकी जानकारी दी। यहां के तटीय जिले में चौथी कक्षा की एक लड़की के साथ उसके पिता और सौतेली मां द्वारा कथित दुर्व्यवहार की घटना के बाद यह कदम उठाया गया है। लड़की से मिलने और उससे बातचीत करने के बाद, शिवनकुट्टी ने एक संवाददाता सम्मेलन में इस बात पर जोर दिया कि बच्चों के खिलाफ हिंसा किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार इस मुद्दे को बहुत गंभीरता से ले रही है और बच्चे के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित करेगी।

## हमें भी अपने आयात को कम करना होगा और निर्यात को बढ़ाना होगा, तभी हम मजबूती से खड़े हो पाएंगे- नितिन गडकरी

**नागपुर, एजेंसी।**
अमेरिका से चल रहे टैरिफ तनाव पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने परोक्ष रुप से अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि आज जो देश दुनिया में अपनी दादागिरी चला रहे हैं, वह ऐसा इसलिए कर पा रहे हैं क्योंकि वह आर्थिक रूप से मजबूत हैं। उन देशों के पास टेक्नोलॉजी भी है। हमें अगर भारत की विश्व गुरु की छवि को आगे बढ़ाना है तो हमें भी टेक्नोलॉजी और आर्थिक क्षेत्र में मजबूत होना होगा।

नागपुर के विश्वेश्वेरैया नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में अपनी बात रखते हुए केंद्रीय मंत्री ने आयात को कम करने और निर्यात को बढ़ाने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, अगर हमारे निर्यात और अर्थव्यवस्था की दर बढ़ती है, तो मुझे नहीं लगता कि हमें किसी के पास जाने की जरूरत पड़ेगी। जो लोग 'दादागिरी' कर रहे हैं, वे ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि वे आर्थिक रूप से मजबूत हैं और उनके पास



टेक्नोलॉजी है। गडकरी ने भारत की संस्कृति और विश्व बंधुत्व की भावना पर जोर देते हुए कहा कि आज अगर हम आर्थिक रूप से सशक्त हो जाएं और टेक्नोलॉजी में भी आगे हो जाएं। इसके बाद भी हम किसी पर धौंस नहीं जमाएंगे क्योंकि हमारी संस्कृति में यह नहीं है। हमारी संस्कृति हमें सिखाती है कि विश्व का कल्याण सबसे महत्वपूर्ण है। गडकरी ने कहा आज दुनिया की सभी समस्याओं का उपाय साइंस, टेक्नोलॉजी और नॉलेज है। अगर हम इन तीनों चीजों का उपयोग करेंगे तो हमें कभी भी दुनिया के सामने झुकना नहीं पड़ेगा।

## वोट चोरी के आरोपों पर राहुल गांधी के साथ खड़े हुए शरद पवार, चुनाव आयोग से जांच की रखी मांग

**मुंबई, एजेंसी।**
एनसीपी (एसपी) अध्यक्ष शरद पवार ने वोट चोरी के दावों को लेकर जांच की मांग की है। शनिवार को उन्होंने कहा कि वोट चोरी पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रस्तुति अच्छी तरह से शोध और दस्तावेजों पर आधारित थी। इस मामले की जांच करना निर्वाचन आयोग का काम है। पवार ने नागपुर में प्रेसवार्ता में स्वीकार किया कि विपक्षी महा विकास आघाड़ी को महाराष्ट्र में चुनाव से पहले अधिक सावधान रहना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'हमें पहले ही इस पर गौर करना चाहिए था और सावधानी बरतनी चाहिए थी।'

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्ढ्र) को संस्थागत चोरी बताया है। उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन आयोग गरीबों के मताधिकार को छीनने के मकसद इस चोरी को अंजाम देने के लिए भाजपा के साथ खुलेआम साठगांठ कर रहा है। शरद पवार ने कहा कि राहुल ने विस्तृत सबूतों के साथ अपनी प्रेजेंटेशन दिया था। उन्होंने कहा, 'निर्वाचन आयोग को इस पर गौर करना



चाहिए।' पवार ने इस बात पर खेद जताया कि राहुल गांधी की ओर से आयोजित रात्रिभोज में शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के बैठने की जगह अनावश्यक विवाद बन गई है।

उपराष्ट्रपति चुनाव पर पवार ने क्या कहा

शरद पवार ने कहा, 'एक पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन था। जब हम स्क्रीन पर कोई फिल्म देखते हैं तो हम आगे नहीं, बल्कि पीछे बैठते हैं। फारूक अब्दुल्ला और मैं पीछे बैठे थे। इसी तरह, उद्धव ठाकरे और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया भी प्रेजेंटेशन ठीक से देखने के लिए पीछे बैठे थे।' उन्होंने कहा कि विपक्ष ने 9 सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव पर अभी अपना रुख तय नहीं किया है। पवार ने अपने भतीजे अजित पवार के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ अपने गुट के हाथ मिलाने की अटकलों को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, 'हम कभी भी भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ हाथ नहीं मिलाएंगे।'

## मुंबई कांग्रेस को मिल सकता है नया अध्यक्ष, खतरे में वर्षा गायकवाड़ की कुर्सी

**मुंबई, एजेंसी।**
मुंबई नगर निगम चुनाव से पहले कांग्रेस के भीतर एक बार फिर से पार्टी के स्थानीय नेतृत्व परिवर्तन की मांग तेज हो गई है। पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा सांसद वर्षा गायकवाड़ पर संगठन को दिशा देने में विफल रहने और सीमित समूह के सहारे पार्टी चलाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इससे संगठन की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है।

महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रभारी रमेश चेन्निथला 12 अगस्त को पुणे में पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति के 10 सदस्यों के साथ व्यक्तिगत मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है कि इसी बैठक में वर्षा गायकवाड़ के भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण फैसला हो सकता है। चेन्निथला 12 और 13 अगस्त को पुणे में आयोजित महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दो दिवसीय कार्यशाला में शामिल होंगे।

यह पहली बार नहीं है जब गायकवाड़ के खिलाफ असंतोष सामने आया है। 16 जून को भी कई नेताओं ने पार्टी नेतृत्व से उन्हें पद से हटाने की मांग की थी। असंतुष्ट नेताओं का आरोप है कि गायकवाड़ से मिलना मुश्किल होता है। उन्हें कार्यकर्ताओं और नेताओं के सुझाव भी पसंद नहीं आते हैं। इसके अलावा संगठन के कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने में असफल रही हैं। मुंबई में आगामी नगर निगम चुनाव को देखते हुए कांग्रेस नेतृत्व चाहता है कि पार्टी संगठन मजबूत और एकजुट होकर



चुनावी मैदान में उतरे। लेकिन गायकवाड़ के नेतृत्व में गुटबाजी और असंतोष की खबरें पार्टी की चुनावी तैयारी पर असर डाल सकती हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, 12 अगस्त की बैठक में असंतुष्ट नेताओं को अपनी बात सीधे प्रभारी के सामने रखने का मौका मिलेगा। यदि नेतृत्व परिवर्तन पर सहमति बनती है तो मुंबई कांग्रेस में जल्द ही नया अध्यक्ष देखने को मिल सकता है।

## इतना लगाव है तो घुसपैठियों को राहुल गांधी के घर भेज दो- हिमंत बिस्वा सरमा

**गुवाहटी, एजेंसी।**
असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस पार्टी पर घुसपैठियों को नई पहचान देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को अगर बाहर से आए घुसपैठियों से इतना ज्यादा ही लगाव है तो उन्हें अपने घर में जगह दें या फिर राहुल गांधी के घर पर भेज दें। इतना ही नहीं हिमंत ने अतिक्रमण के खिलाफ चल रही राज्य सरकार की जंग की सराहना करते हुए कहा कि सरकारी जमीनों को मुक्त कराने के लिए चलाया जा रहा बेदखली अभियान ऐसे ही जारी रहेगा।

वरिष्ठ भाजपा नेता ने दावा किया कि कांग्रेस नेता और सांसद गौरव गोगोई ने हाल ही में घुसपैठियों को ना असमिया (नया असमिया) कहा था। सरमा ने कहा, अगर उन्होंने ऐसा कहा है, तो उन्हें अपने घर में उन्हें जगह देनी चाहिए, क्योंकि हमारे घर में उनके लिए कोई जगह नहीं है। असम के मुख्यमंत्री ने मीडिया से बात करते हुए राज्य के संसाधनों को लेकर भी अपनी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि असम में मूल असमियों के लिए ही पर्याप्त संसाधन या जगह नहीं है, तो ऐसे में हम तथाकथित नए असमियों को कैसे जगह दे सकते हैं। उन्होंने कहा, न तो जमीन है, न जगह, न घर। हम असमियों को पर्याप्त सुविधाएं नहीं दे सकते। ऐसे में हम इन तथाकथित नए



असमियों को ये सुविधाएं कैसे दे सकते हैं?... गोगोई को अगर इनकी इतनी ही चिंता है, तो इन लोगों को राहुल गांधी के घर भेज देना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने राज्य में घुसपैठियों को केंद्र में रखकर चलाए जा रहे अतिक्रमण बेदखली अभियान की भी सराहना की। उन्होंने कहा, बेदखली अभियान जारी रहेगा। अगले साल विधानसभा चुनाव के बाद, भाजपा सत्ता में वापस आएगी और तब भी बेदखली जारी रहेगी।'' इस बीच, शर्मा ने कहा कि नवंबर में 10,000 से ज्यादा कलाकार बिहू और झुमुइर की तर्ज पर बोडो लोक नृत्य 'बागुरुम्बा' प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर किए एक पोस्ट में कहा, ''बिहू और झुमुइर की अपार सफलता के बाद, अब बागुरुम्बा के मुख्य आकर्षण बनने का समय आ गया है। नवंबर में, 10,000 से अधिक

## छत्तीसगढ़ में शुरू होगी 'गौधाम योजना', सरकार हर महीने देगी 10 से 13 हजार रुपए तक का मानदेय

**रायपुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने एवं पशुधन संरक्षण को नई दिशा प्रदान करने के लिए गौधाम योजना की शुरुआत करने जा रही है। यह महत्वाकांक्षी योजना न केवल पशुधन की सुरक्षा एवं नस्ल सुधार को बढ़ावा देगी बल्कि जैविक खेती, चारा विकास और गौ-आधारित उद्योगों के माध्यम से गांव-गांव में रोजगार के नए अवसर भी खोलेगी। योजना का स्वरूप इस तरह तैयार किया गया है कि निराश्रित एवं घुमंतू गौवंशीय पशुओं की देखभाल के साथ-साथ चरवाहों और गौसेवकों को नियमित आय का स्थायी स्रोत उपलब्ध होगा, जिससे ग्रामीणों को आर्थिक स्थिरता एवं आत्मनिर्भरता प्राप्त हो सकेगी। गौधाम योजना के ड्राफ्ट को वित्त एवं पशुधन विकास विभाग से भी मंजूरी प्राप्त हो चुकी है। पशुधन विकास विभाग ने यह योजना विशेष रूप से तस्करी या अवैध परिवहन में पकड़े गए पशुओं और घुमंतु पशुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखकर तैयार की है।

इस गौधाम योजना के अंतर्गत चरवाहों को प्रतिमाह 10,916 रुपए और गौसेवकों को 13,126 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। इसके साथ ही मवेशियों के चारे के लिए भी प्रतिदिन निर्धारित राशि प्रदान की जाएगी। उत्कृष्ट गौधाम को वहां रहने वाले प्रत्येक पशु के लिए पहले साल 10 रुपए प्रतिदिन, दूसरे वर्ष 20 रुपए प्रतिदिन, तीसरे वर्ष 30 रुपए प्रतिदिन और चौथे वर्ष 35 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से राशि दी जाएगी। योजना के लिए बजट, नियम और शर्तें तय कर दी गई हैं ताकि संचालन में किसी तरह की परेशानी न हो।



सरकार के मुताबिक गौधाम योजना का उद्देश्य गौवंशीय पशुओं का वैज्ञानिक पद्धति से संरक्षण एवं संवर्धन करना, गौ-उत्पादों को बढ़ावा देना, चारा विकास कार्यक्रम को प्रोत्साहित करना, गौधाम को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करना, ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराना तथा फसलों के नुकसान और दुर्घटनाओं में पशु एवं जनहानि से बचाव सुनिश्चित करना है।

पशुधन विकास विभाग ने यह योजना विशेष रूप से तस्करी या अवैध परिवहन में पकड़े गए पशुओं और घुमंतु पशुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखकर तैयार की है। राज्य में अवैध पशु तस्करी एवं परिवहन पर पहले से रोक है। अंतरराज्यीय सीमाओं पर पुलिस कार्रवाई में बड़ी संख्या में गौवंशीय पशु जब्त होते हैं। इन पशुओं और घुमंतू पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए ही यह योजना शुरू की जा रही है। प्रत्येक गौधाम में क्षमता के अनुसार अधिकतम 200 गौवंशीय पशु रखे जा सकेंगे।

योजना को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि गौधाम योजना से प्रदेश में पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और बड़ी संख्या में चरवाहों एवं गौसेवकों को नियमित आय का साधन मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुओं की नस्ल सुधार कर उन्हें अधिक दूध देने और खेती-किसानी में पूरी क्षमता से उपयोग करने योग्य बनाया जा सकेगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में जैविक खेती और चारा विकास कार्यक्रमों को भी गति मिलेगी, जिससे ग्राम स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और गांवों की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी।

ऐसी शासकीय भूमि, जहां सुरक्षित बाड़ा, पशुओं के शेड, पर्याप्त पानी और बिजली की सुविधा उपलब्ध हो वहीं गौधाम की स्थापना की जाएगी। जिन गौठानों में पहले से अधोसंरचना विकसित है वहां उपलब्धता के आधार पर गौठान से सटे चारागाह की भूमि को हरा चारा उत्पादन के लिए दिया जाएगा। इसके अलावा अगर आसपास की पंजीकृत गौशाला की समिति संचालन के लिए असहमति व्यक्त करती है तो अन्य स्वयंसेवी संस्था, एनजीओ, ट्रस्ट, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी या सहकारी समिति संचालन के लिए आवेदन कर सकेगी। जिला प्रशासन के प्रस्ताव पर गौधाम स्थापित किए जाएंगे जो पंजीकृत गौशालाओं से भिन्न होंगे। पहले चरण में छत्तीसगढ़ के प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गौधाम स्थापित किए जाएंगे। जिला स्तरीय समिति प्राप्त आवेदनों का तुलनात्मक अध्ययन कर चयनित संस्था का नाम छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग को भेजेगी। मंजूरी के बाद चयनित संस्था और आयोग के बीच करार होगा जिसके पश्चात गौधाम का संचालन उस संस्था को सौंपा जाएगा। गौधाम में गोबर बिक्री नहीं होगी, पशुओं के गोबर का उपयोग चरवाहा स्वयं करेगा।

## करुण नायर को 8 साल के बाद मिला था दूसरा चांस, अब खेल खत्म !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज करुण नायर की 8 साल के बाद टीम इंडिया में वापसी हुई थी. उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में मौका दिया गया था, लेकिन वो इस मौके पर भुना नहीं पाए. इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में वो केवल एक फिफ्टी ही ठोक पाए, जबकि भारतीय टीम को उनके काफी उम्मीदे थी. उनके प्रदर्शन को लेकर टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान बहुत निराश हैं. इसके साथ ही उन्होंने करुण नायर के टेस्ट करियर को लेकर बड़ी बात कह दी है. टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में करुण नायर को अच्छी शुरुआत मिलती रही, लेकिन वो इसका फायदा नहीं उठा पाए. इस दौरान करुण केवल एक अर्धशतक ही ठोक पाए. उन्हें कई मौके मिले. क्रिकेट ने उन्हें निश्चित रूप से दूसरा मौका दिया, लेकिन वे इसका उस तरह से फायदा नहीं उठा पाए, जैसा उन्हें उठाना चाहिए था. इरफान ने आगे कहा कि खासकर लॉर्ड्स टेस्ट में, उनके पास भारत को मैच जिताने का अच्छा मौका था, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए. करुण नायर ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले 2017 में आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट सीरीज में हिस्सा लिया था.उन्हें 8 साल के बाद फिर मौका मिला. इस भारतीय खिलाड़ी ने इंग्लैंड के खिलाफ चार मैचों में 25.62 के औसत से केवल 205 रन ही बना पाए. उन्होंने सिर्फ एक ही अर्धशतक लगाया और नायर का बेस्ट स्कोर 57 रन था. करुण नायर ने टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक भी लगाया हुआ है. उन्होंने ये कारनामा इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई में 2016 में किया था.



### इंग्लैंड में पूरी तरह से फेल रहे करुण नायर

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में करुण नायर को चार मैचों में खेलने का मौका मिला था. उन्होंने पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में खाता भी नहीं खोल पाए थे, जबकि दूसरी पारी में उन्होंने सिर्फ 20 रन ही बनाए थे. दूसरे टेस्ट में भारतीय बल्लेबाज को फिर से मौका दिया गया. इस मैच की पहली पारी में उन्होंने 31 रन बनाए, जबकि दूसरी पारी में नायर 26 रन ही बना पाए. तीसरे टेस्ट मैच में करुण नायर ने पहली पारी में 40 रन बनाए, जबकि दूसरी पारी में वो सिर्फ 14 रन ही बना पाए. चौथे टेस्ट मैच में उन्हें मौका नहीं मिला था. हालांकि पांचवें टेस्ट मैच में नायर की टीम इंडिया में वापसी हुई और उन्होंने पहली पारी में 57 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में वो 17 रन बनाकर वापस पवेलियन लौट गए.

## यश दयाल पर गिरी गाज, यौन शोषण के आरोपों के बीच इस टी20 लीग में खेलने पर लगा बैन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गंभीर कानूनी मामले में फंसे तेज गेंदबाज यश दयाल पर अब एक नाबालिग के यौन उत्पीड़न के आरोप के बाद गिरफ्तारी का खतरा मंडरा रहा है। जयपुर के सांगानेर सदर पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ ने उन्हें आगामी यूपी टी20 लीग में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया है। बाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम का हिस्सा था जिसने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का खिताब जीता था। उन्होंने पूरे सीजन में दमदार प्रदर्शन करते हुए 15 मैचों में 13 विकेट लिए। हालांकि इन आरोपों से पेशेवर क्रिकेट में उनके भविष्य पर संदेह के बादल छा गए हैं। दयाल को लीग से बाहर करने का यूपीसीए का फैसला आरोपों की गंभीरता और खेल की अखंडता को बनाए रखने के लिए बोर्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। गौर हो कि यश दयाल ने अपने घरेलू करियर की शुरुआत उत्तर प्रदेश के साथ की थी। उन्होंने 2018 में सीनियर स्तर पर पदार्पण करने से पहले आयु वर्ग के क्रिकेट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने लिस्ट ए में उत्तर प्रदेश के लिए 2018-19 विजय हजारे ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के खिलाफ डेब्यू किया था। उन्होंने 9 ओवर में 41 रन देकर 1 विकेट लिया। उन्होंने 2018-19 रणजी ट्रॉफी में गोवा के खिलाफ डेब्यू करते हु उन्होंने 2 विकेट लिए। अपने पहले रणजी सीजन में यश ने 8 मैचों में 2.87 की इकॉनमी रेट से 30 विकेट लिए और उस सीजन में उत्तर प्रदेश के तीसरे सबसे सफल गेंदबाज रहे। इसके बाद टी20 में डेब्यू करते हुए 2018-19 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महाराष्ट्र के खिलाफ शुरूआत की जहां उन्होंने किफायती गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 17 रन देकर 1 विकेट लिया।



गौतम गंभीर का ये बयान वायरल

# रोहित-कोहली की क्या वनडे क्रिकेट से होगी विदाई?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के दो दिग्गज खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली लंबे समय से मैदान से दूर हैं. दोनों ने टी20 क्रिकेट और टेस्ट फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है. अब केवल वनडे मुकाबलों में ही रोको की जोड़ी मैदान में नजर आएगी. जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. चर्चा है की रोहित और विराट इसी साल अक्तूबर में ऑस्ट्रेलिया जाने वाली टीम इंडिया का हिस्सा हो सकते हैं. कोहली और रोहित के लिए ये आखिरी ऑस्ट्रेलिया दौरा हो सकता है. ऐसे में इन दोनों खिलाड़ियों के फेयरबेल को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है. लेकिन इसी बीच फेयरवेल को लेकर कुछ समय पहले दिया गया कोच गौतम गंभीर का एक बयान भी काफी वायरल हो रहा है...

बता दें कि इंग्लैंड सीरीज पर रवाना होने से पहले ही विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था. चर्चा है की भारतीय टीम को अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीन वनडे मुकाबले भी खेलने हैं, जिसमें रोहित शर्मा खेलते नजर आ सकते हैं.





इसी बीच इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने रोहित शर्मा से जुड़ा एक ऐसा पोस्टर जारी किया, जिसने भारतीय क्रिकेट फैन्स के बीच हलचल मचा दी. यह पोस्टर आईसीसी ने 2026 में भारत-इंग्लैंड के बीच इंग्लिश जमीन पर होने वाली व्हाइट बॉल सीरीज को लेकर जारी किया था. इस पोस्टर में रोहित शर्मा के अलावा हैरी ब्रूक की भी तस्वीर थी. रोहित जहां भारत की वनडे टीम के कप्तान हैं, वहीं ब्रूक व्हाइट बॉल क्रिकेट में इंग्लैंड की कप्तानी करते हैं.

### क्या बोले थे कोच गंभीर

5 मैचों की टेस्ट सीरीज पर इंग्लैंड रवाना होने से पहले टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर ने एक इंटरव्यू में खिलाड़ियों के फेयरवेल को लेकर बड़ा बयान दिया था. जब गंभीर से पूछा गया था कि अब आप कोच हैं तो क्या आप ये तय करेंगे की आपके सामने कोहली और रोहित को अच्छा फेयरवेल मिले? इसपर गंभीर ने कहा था कि कोई भी खिलाड़ी वो चाहे जिस खेल का हो वो फेयरवेल के लिए नहीं खेलता है. हमें खिलाड़ियों के योगदान को याद रखना चाहिए की उन्होंने देश के लिए क्या किया है. फेयरवेल मिले या नहीं ये कोई मायने नहीं रखता है. गंभीर ने कहा कि देश से जो प्यार मिलता है उससे बड़ा फेयरवेल क्या हो सकता है.

## अल हिलाल को मिला नेमार का रिप्लेसमेंट, उरुग्वे के डार्विन नुनेज को टीम से जोड़ा

**रियाद, एजेंसी।** अल हिलाल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में लिवरपूल की तरफ से खेलने वाले नुनेज के साथ तीन साल का अनुबंध किया है। सऊदी अरब के मशहूर फुटबॉल क्लब अल हिलाल ने ब्राजील के सुपरस्टार नेमार की जगह पर उरुग्वे के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डार्विन नुनेज के साथ अनुबंध किया है। अल हिलाल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में लिवरपूल की तरफ से खेलने वाले नुनेज के साथ तीन साल का अनुबंध किया है। रिपोर्टों के अनुसार यह अनुबंध छह करोड़ 20 लाख डॉलर में किया गया है। सऊदी अरब की सबसे सफल टीम अल हिलाल जनवरी में ब्राजील के दिग्गज खिलाड़ी नेमार को रिलीज करने के बाद एक और स्टार खिलाड़ी की तलाश में थी। मैनचेस्टर यूनाइटेड के कप्तान ब्रूनो फर्नांडीस ने जून में क्लब विश्व कप से पहले इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था।



नुनेज प्रीमियर लीग में मिले-जुले प्रदर्शन के बाद लिवरपूल छोड़ रहे हैं। उन्होंने 143 मैचों में 40 गोल किए और पिछले सत्र में प्रीमियर लीग का खिताब जीता।

# कोई नहीं है टक्कर में!

## शुभमन गिल के नाम होगा 2025, चौंका देंगे आंकड़े



**नई दिल्ली, एजेंसी।** तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी में भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 5 मैचों की सीरीज में 754 रन ठोक दिए। ऐसे में गिल के पास 2025 को अपने नाम का सुनहरा अवसर है। वह 2025 में अब तक 1,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। गिल का इंग्लैंड दौरा यादगार रहा। 2021 में ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 91 रनों की पारी के बाद से एशिया के बाहर 40 से ज्यादा का स्कोर नहीं बनाने वाले गिल ने इस सीरीज आलोचकों को करारा जवाब दिया। उन्होंने भारत की टेस्ट टीम में चौथे नंबर पर अपनी जगह पक्की कर ली,जिस पर कभी सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली जैसे दिग्गज बल्लेबाज खेला करते थे।

**दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी:** गिल इस साल दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड के बेन डकेट 23 मैचों और 27 पारियों में 47.77 की औसत से 1,290 रन बनाकर शीर्ष पर हैं। इसमें तीन शतक और आठ अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 165 है। भारतीय बल्लेबाजों में गिल के आसपास भी कोई नहीं है।

### गिल का इंग्लैंड दौरे पर शानदार प्रदर्शन :

टेस्ट सीरीज के दौरान गिल ने 75.40 की औसत से चार शतकों की मदद से 754 रन बनाए। इसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 269 रन भी शामिल है। वह सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, जो 2-2 से ड्रॉ रही। इस साल गिल ने 14 मैचों और 20 पारियों में 64.94 की औसत से 1,234 रन बनाए हैं। इसमें छह शतक शामिल हैं। वह इस साल सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने दो अर्द्धशतक भी लगाए हैं।

क्रिकेट जगत को लगा बड़ा झटका

# इस खिलाड़ी ने अचानक लिया संन्यास

**नई दिल्ली, एजेंसी।**न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर थैमसिन न्यूटन ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने यह फैसला ऐसे समय में लिया जब वह पिछले कुछ सालों से टीम से बाहर चल रही थीं। थैमसिन का करियर भले ही आंकड़ों में बड़ा न दिखे लेकिन उनके कुछ प्रदर्शन यादगार रहे, खासकर उनके शुरुआती दिनों में।

थैमसिन न्यूटन ने 2015 में न्यूजीलैंड के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा। वह एक मध्यम गति की तेज गेंदबाज और निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाज के रूप में जानी जाती थीं। उन्होंने अपने दूसरे ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में शानदार गेंदबाजी की और श्रीलंका के खिलाफ 9 रन देकर 3 विकेट झटके। इससे उन्होंने चयनकर्ताओं और दर्शकों को प्रभावित किया।

**वनडे और टी20 में मिला सीमित मौका:** थैमसिन को न्यूजीलैंड के लिए खेलने का बहुत ज्यादा मौका नहीं मिला। उन्होंने अब तक 10 वनडे और 15 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। वनडे में उन्होंने 11 विकेट लिए और 57 रन बनाए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 31 रन देकर 5 विकेट था जो उन्होंने नवंबर 2016 में पाकिस्तान के खिलाफ हासिल किया था। वहीं टी20 में उन्होंने 9 विकेट लिए लेकिन लगातार टीम में जगह नहीं बना पाईं। उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2021 में हुआ था और उसके बाद से वह टीम से बाहर थीं।

**टी20 और वनडे वर्ल्ड कप का हिस्सा रहीं:** थैमसिन 2016 टी20 वर्ल्ड कप और 2017 वनडे वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा थीं। हालांकि इन टूर्नामेंट्स में उन्हें ज्यादा मैच खेलने का मौका नहीं मिला लेकिन टीम का हिस्सा बनना उनके करियर का अहम हिस्सा रहा।



**घरेलू क्रिकेट में शानदार सफर:** थैमसिन न्यूटन का घरेलू क्रिकेट करियर काफी सफल रहा। उन्होंने 2011-12 में वेलिंगटन की ओर से अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद 2014 से 2018 तक वह कैंटरबरी के लिए खेलती रहीं। बाद में वह दोबारा वेलिंगटन लौटीं और 2023-24 सीजन में वह सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स से जुड़ गईं। थैमसिन ने न्यूजीलैंड की घरेलू वनडे प्रतियोगिता हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड का फाइनल चार बार खेला। वह इस टूर्नामेंट को दो बार जीतने में सफल रहीं – एक बार कैंटरबरी और एक बार वेलिंगटन के साथ।

**बीबीएल और रग्बी में भी दिखाया दम:** थैमसिन सिर्फ क्रिकेट तक सीमित नहीं रहीं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की मशहूर महिला टी20 लीग बीबीएल में पर्थ स्कॉर्चर्स की ओर से भी खेला। इसके अलावा वह न्यूजीलैंड की घरेलू महिला रग्बी यूनियन प्रतियोगिता फराह पामर कप में भी हिस्सा ले चुकी हैं।

उन्होंने वेलिंगटन प्राइड और हॉक्स बे टुई की ओर से रग्बी खेला और खुद को एक मल्टी-स्पोर्ट एथलीट के रूप में साबित किया। थैमसिन न्यूटन ने 30 वर्ष की उम्र में क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला किया। वह पिछले चार वर्षों से अंतरराष्ट्रीय टीम से बाहर थीं और इस बीच घरेलू क्रिकेट में सक्रिय रहीं। संन्यास की घोषणा के साथ उन्होंने अपने सभी फॉर्मेट्स अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से दूरी बना ली है।

# Asia Cup तक फिट नहीं हुए सूर्यकुमार यादव तो किसे मिलेगी कप्तानी?

ये 3 खिलाड़ी ठोकेंगे दावेदारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट एशिया कप 2025 का आयोजन 9 से 28 सितंबर के बीच यूएई में होगा. भारत का पहला मैच 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ है. इसके बाद 14 तारीख को भारत बनाम पाकिस्तान मैच होगा, ग्रुप स्टेज का आखिरी मैच भारत 19 को ओमान के खिलाफ खेलेगी. टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की कुछ समय पहले सर्जरी हुई थी, वह अपनी फिटनेस हासिल करने के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं. लेकिन अगर वह टूर्नामेंट तक पूरी तरह फिट नहीं हुए तो भारतीय टीम की कमान कौन संभालेगा?

सूर्यकुमार यादव का जर्मनी में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई थी, जिसके बाद वह फिटनेस पाने के लिए मेहनत कर रहे हैं. अभी वह बेंगलुरु में रिहैब कर रहे हैं. उम्मीद जताई जा रही है कि सूर्या एशिया कप से पहले फिटनेस हासिल कर लेंगे, लेकिन अभी तक आधिकारिक इस पर कुछ नहीं कहा गया है. अगर वह एशिया कप तक फिट नहीं हुए तो उनकी जगह कप्तानी करने के लिए ये 3 खिलाड़ी मजबूत दावेदार हैं.

**सूर्यकुमार यादव की जगह कौन हो सकता है एशिया कप में भारत का कप्तान?**

शुभमन गिलः इंग्लैंड दौरे पर पहली बार टेस्ट की कमान संभालते हुए शुभमन गिल ने शानदार प्रदर्शन किया, सभी की वाहवाही लूटी. उन्होंने बल्ले से भी कई रिकॉर्ड बनाए, इसके बाद माना जा रहा है कि वह एशिया कप स्क्वॉड में शामिल होंगे. सूर्या जब कप्तान बने थे तब गिल को उपकप्तान बनाया गया था, ऐसे में अगर सूर्या नहीं खेले तो एशिया कप में भारत की कप्तानी शुभमन गिल संभाल सकते हैं.

**बतौर कप्तान शुभमन गिल का टी-20 करियर**

कुल मैच- 5
भारत ने जीते- 4
भारत ने हारे- 1

हार्दिक पांड्याःऑलराउंडर प्लेयर हार्दिक भारत के लिए बल्ले और गेंद, दोनों से महत्वपूर्ण रोल निभाते हैं. उन्होंने गुजरात टाइटंस को अपनी कप्तानी में टीम के पहले ही सीजन में चैंपियन बनाया था और दूसरे संस्करण में फाइनल तक पहुंचाया. अभी वह मुंबई इंडियंस के कप्तान हैं, इस टीम को उन्होंने इस सीजन क्वालीफायर 2 तक पहुंचाया.

**बतौर कप्तान हार्दिक पांड्या का टी-20 करियर**

कुल मैच- 16
भारत ने जीते- 10
भारत ने हारे- 5
टाई- 1

अक्षर पटेलः ऑलराउंडर अक्षर भी इस रेस में शामिल हैं, उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ घरेलु टी20 सीरीज में उपकप्तान चुना गया था. वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी कर चुके हैं. वह बल्ले और गेंद से तो शानदार प्रदर्शन करते ही हैं, वह फील्डिंग में भी काफी प्रभावित करते हैं. उन्होंने अभी तक भारतीय टीम की कप्तानी नहीं की है.

Asian Surfing:


## भारत के रमेश बुधियाल का जलवा, एशियाई सर्फिंग में कांस्य पदक जीता

**चेन्नई, एजेंसी।** बुधियाल शनिवार को इस प्रतियोगिता के पदक दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। उन्होंने फाइनल में 12.60 अंक अर्जित कर कांस्य पदक जीता।भारत के रमेश बुधियाल ने शुक्रवार को यहां एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में पुरुषों के ओपन वर्ग में कांस्य पदक जीता।

इस तरह से वह इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। बुधियाल शनिवार को इस प्रतियोगिता के पदक दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। उन्होंने फाइनल में 12.60 अंक अर्जित कर कांस्य पदक जीता। कोरिया के कनोआ हीजे ने 15.17 अंक के साथ स्वर्ण पदक, जबकि इंडोनेशिया के पजार एरियाना ने 14.57 अंक के साथ रजत पदक जीता।

ओपन महिला वर्ग में जापान की अनरी मात्सुनो (14.90 अंक) ने हमवतन सुमोमो सातो (13.70) की कड़ी चुनौती से पार पाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। थाईलैंड की इसाबेल हिग्स ने 11.76 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। कोरिया के कनोआ हीजे ने 14.33 अंक प्राप्त कर अंडर-18 बालक वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की।

चीन के शिदोंग वू (13.10) और शुलोउ जियांग (8) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। लड़कियों के अंडर-18 वर्ग में चीन की सिकी यांग ने 14.50 अंकों के साथ स्वर्ण पदक और उनकी हम वतन शुहान जिन (10.33) ने रजत पदक जीता। थाईलैंड की इसाबेल (8.10 अंक) ने कांस्य पदक हासिल किया।



## सार समाचार

### मछली गैंग पर कसता पुलिस का शिकंजा

**भोपाल।** राजधानी में चर्चित हाई-प्रोफाइल ड्रग्स-हथियार तस्करी मामले में पुलिस ने यासीन मछली और शाहवर मछली के नेटवर्क की परत-दर-परत पोल खोल दी है। यह खुलासा न केवल ड्रग माफिया के काम करने के तरीके को उजागर करता है, बल्कि शहर के पार्टी कल्चर की उस अंधेरी सच्चाई को भी सामने लाता है, जहां नशा मौज-मस्ती से आगे बढकर संगठित अपराध का बड़ा जरिया बन चुका है। अब तक क्राइम ब्रांच यासीन के 15 करीबियों को गिरफ्तार कर चुकी है और 50 से अधिक लोगों से पूछताछ हो चुकी है। पूरे रैकेट का पदार्फाश यासीन और शाहवर के मोबाइलों में मिली ड्रग चैट और फोटो से हुआ है। रिमांड के दौरान पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि इस रैकेट में 50 से ज्यादा लोग काम करते थे, जो दिल्ली और राजस्थान से माल लाकर भोपाल में सप्लाई करते थे। यासीन पब और क्लब में आने वाले युवाओं को टारगेट करता था। शुरूआत में उन्हें मुफ्त ड्रग दी जाती थी ताकि लत लग जाए, फिर महंगे दामों में ड्रग बेचे जाते थे। अब तक ये 15 हुए गिरफ्तार गिरफ्तार आरोपियों में सोहेल खान, समीर उद्दीन, आशू उर्फ शाहरूख, सैफुद्दीन, यासीन उर्फ मिंटू उर्फ मछली, शाहवर मछली, जगजीत सिंह उर्फ जग्गा, अंशुल सिंह उर्फ भूरी, अंकित कहार, अमन दहिया, शुभम शर्मा, शकीर उर्फ छोटू, तौफीक निजामी, थाई महिला बेंचामत मून, नाइजीरियन नागरिक और चार अन्य शामिल हैं।

### राजगढ़, बुधनी और छतरपुर मेडिकल कॉलेज के लिए फैकल्टी भर्ती प्रक्रिया तेज

**भोपाल।** प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए फैकल्टी की कमी बड़ी चुनौती बन रही है। इस कारण चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने अगले वर्ष प्रारंभ होने जा रहे तीन मेडिकल कॉलेजों के लिए फैकल्टी की भर्ती सहित अन्य तैयारियां अभी से प्रारंभ कर दी हैं। राजगढ़, बुधनी और छतरपुर में अगले वर्ष मेडिकल कॉलेज प्रारंभ करने की तैयारी है। पहले मंडला में भी वर्ष 2026-27 के सत्र से एमबीबीएस पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की योजना थी, पर भवन निर्माण में देरी के चलते अब यह 2027-28 के सत्र में प्रारंभ हो पाएगा। इन कॉलेजों की मान्यता के लिए शीघ्र की नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) को आवेदन किया जाएगा। एनएमसी की टीम वर्ष 2026 में निरीक्षण के लिए आएगी, पर इसके पहले फैकल्टी के पदों पर पूर्ति की जाएगी। नए कॉलेजों को फैकल्टी नहीं मिलने की चुनौती के चलते सरकार छोटे जिलों के मेडिकल कॉलेजों के लिए प्रोत्साहन की योजना भी ला रही है। तीनों कॉलेजों में एमबीबीएस की 150-150 सीटें इसमें फैकल्टी को वेतन का लगभग 20 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि देने की तैयारी कर रही है। यह निर्णय होने के बाद ही पदों पर भर्ती प्रारंभ की जाएगी। इन तीनों कॉलेजों में एमबीबीएस की 150-150 सीटें होंगी। सभी जगह भवन निर्माण का काम भी लगभग पूरा हो गया है। अब फैकल्टी की भर्ती और पुस्तकालय बनाने का काम होना है।

### शहरी क्षेत्र में अब तक हुआ ढ़ाई लाख पौधरोपण

**भोपाल।** प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में हरियाली को बढ़ाने के लिये नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग केन्द्र सरकार के निर्देश पर वीमेर फॉर ट्रीज अभियान संचालित कर रहा है। पौधरोपण के बाद उनकी देखभाल की जिम्मेदारी स्व सहायता समूहों की महिलाओं को सौंपी गयी है। इसके लिये विभाग ने एक करोड़ 14 लाख रुपए की राशि जारी की है। यह कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत लिया गया है। प्रदेश में इस कार्य के लिये 7 हजार स्व सहायता समूहों की महिलाओं को जिम्मेदारी दी गई है। वीमेर फॉर ट्रीज में 2 लाख 30 हजार पौधरोपण किया जा चुका है। स्व सहायता समूहों की महिलाएं लगाये गये पौधों के रख-रखाव की जिम्मेदारी आगामी 2 वर्ष तक सुनिश्चित करेंगी। इस कार्यक्रम में स्व सहायता समूहों की महिलाओं के साथ नागरिकों, शैक्षणिक संस्थानों और औद्योगिक इकाइयों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, नर्सरी स्थापना और मास्टर ट्रेनर्स भी तैयार किये जा रहे हैं। पर्यावरण और मातृत्व को समर्पित पहल प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के लिये विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की गई।

### राहुल गांधी को हिरासत में लेने से गुस्साई कांग्रेस ने प्रदर्शन कर पुतला जलाया

**भोपाल।** राजनेतिक गलियारो ने इन दिनो वोटर वेरिफिकेशन और चुनाव में वोट चोरी को लेकर कांग्रेस पूरी तरह से हमलावर होकर सड़को पर उतर आई है। इसे लेकर कॉग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मार्च निकालने के दौरान उन्हें हिरासत में लेने से कॉग्रेसं में आक्रोश फेला हुआ है। इसका विरोध जताते हुए राजधानी भोपाल में पार्टी नेताओ कार्यकर्तोओ ने विरोध प्रदर्शन कर पुलता जलाया। जानकारी के अनुसार लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को दिल्ली में हिरासत में लिए जाने के विरोध में सोमवार को भोपाल में पीसीसी के बाहर कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने प्रदर्शन करते हुए पुतला जलाया। इस दौरान कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, भोपाल जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, अभिनव बारोलिया समेत अन्य प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी भी मौजूद रहे। पार्टी नेताओ ने वोटर वेरिफिकेशन और राहुल गांधी की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए कहा कि भाजपा चुनाव आयोग का दुरुपयोग कर रही है।



# भोपाल में इस्कॉन की मनेगी भव्य जन्माष्टमी

**75 हजार भक्तों के आने का अनुमान, 500 ब्रह्मचारी, युवा और गृहस्थ भक्त सेवा देंगे**

**भोपाल।** भोपाल के पटेल नगर स्थित इस्कॉन मंदिर श्री गौर राधा वल्लभ में इस बार जन्माष्टमी महोत्सव ऐतिहासिक होने जा रहा है। 16 अगस्त को होने वाला यह आयोजन मंदिर के इतिहास में खास रहेगा, क्योंकि यह श्री गौर राधा वल्लभ विग्रह की पहली जन्माष्टमी होगी। आयोजकों का दावा है कि यह मध्यप्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी जन्माष्टमी होगी, जिसमें 75 हजार से ज्यादा श्रद्धालु शामिल हो सकते हैं। 500 किलो फूलों से सजावट पूरे मंदिर परिसर को करीब 500 किलो फूलों से सजाया जाएगा। रंग-बिरंगे पर्दे, झूमर, कलश, बंदनवार, राजस्थानी पेंटिंग्स और हैंडीक्राफ्ट से वातावरण में वृंदावन और मेवाड़ की झलक देखने को मिलेगी।

### भक्तों की सेवा में जुटेंगे 500 से ज्यादा स्वयंसेवक

*पूरे आयोजन में 500 से अधिक ब्रह्मचारी, युवा और गृहस्थ भक्त सेवा देंगे। सुरक्षा, पार्किंग, सुविधा केंद्र, फर्स्ट-एड और प्रसाद वितरण के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। पूरे दिन प्रेमपूर्वक बना प्रसाद सभी आगंतुकों को परोसा जाएगा। इस्कॉन मंदिर प्रबंधन ने भोपाल और आसपास के लोगों से इस अद्वितीय जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल होकर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के*

### फर्जी नोटिस के जरिए नीट पीजी को लेकर फैलाई जा रही है अफवाह



**भोपाल।** नीट पीजी के परीक्षार्थियों के लिए एक नई चिंता का विषय सामने आया है। हाल ही में राष्ट्रीय बोर्ड परीक्षा ने स्पष्ट चेतावनी जारी की है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, मैसेजिंग ऐप और यहां तक कि ई-मेल के जरिए फैलाई जा रही कई सूचनाएं पूरी तरह फर्जी हैं। बोर्ड ने कहा है कि परीक्षार्थियों को किसी भी नोटिस या सूचना पर भरोसा करने से पहले उसे केवल आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ही सत्यापित करें, क्योंकि यह देखा गया है कि फर्जी नोटिसों के जरिए परीक्षार्थियों को भ्रमित करने और अफवाह फैलाने का सिलसिला तेज हो गया है। राष्ट्रीय बोर्ड परीक्षा के मुताबिक, कुछ शरारती तत्व नीट-2025 परीक्षा की तारीख में बदलाव, परीक्षा स्थगन या प्रश्नपत्र लीक जैसी झूठी सूचनाएं प्रसारित कर रहे हैं। इन फर्जी संदेशों में अक्सर आधिकारिक लेटरहेड और डिजाइन की नकल की जाती है, ताकि उम्मीदवारों को यह असली लगे। कई बार इन संदेशों में लिंक भी दिए जाते हैं, जो देखने में आधिकारिक वेबसाइट जैसे लगते हैं लेकिन वास्तव में फर्जी डोमेन होते हैं।

### तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा सवार युवकों को टक्कर मारी

**भोपाल।** भोपाल की मोती मस्जिद के पास एक तेज रफ्तार कार ने सोमवार तडके एक्टिवा सवार दो दोस्तों को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक को गंभीर चोट आई हैं। घटना के बाद आरोपी चालक मौके पर ही कार को छोडकर भाग गया। जबकि राहगीरों ने कार सवार दो अन्य युवकों को पकडकर पुलिस को सौंपा है। दोनों घायलों को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में पहुंचाया है। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद एक को छुट्टी दे दी गई है। तलैया थाने के प्रधान आरक्षक ब्रजपाल राजावत ने बताया कि सोमवार तडके करीब साढ़े तीन बजे एक्टिवा सवार रशीदिया स्कूल के पास के निवासी जैद पिता मोहम्मद तुफैल (20) जहांगीराबाद दोस्त के साथ चाय पीकर इकबाल मैदान से घर के लिए रवाना हुआ था। मोती मस्जिद टंकी के पास सामने से आ रही इटियोस कार ने जैद की एक्टिवा को चपेट में ले लिया। हादसे में जैद को गंभीर चोट आई हैं, जबकि उसके साथी को प्रारंभिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। भाग रहे युवकों को लोगों ने पकड़ाहादसे के बाद कार क्रमांक एमपी 04 सीक्यू 4409 का चालक मौके पर ही कार को छोडकर फरार हो गया। कार में सवार दो अन्य युवक भी भागने का प्रयास कर रहे थे। उन्हें लोगों ने पकडकर पुलिस के सुपुर्द किया।

# झांकीबाज प्रकोष्ठों पर कांग्रेस ने जड़ा ताला

**विधानसभा चुनाव में प्रभावहीन रहा सामाजिक प्रकोष्ठों का फॉर्मूला**

**कांग्रेस ने भी प्रदेश में विधानसभा चुनाव के समय विभिन्न समाजों के प्रकोष्ठ बनाए। इनके पदाधिकारी अपने वाहन के आगे बड़ी नाम पट्टिका लगाकर घूमते रहे और दावा करते रहे कि वोट प्रभावित होगा पर परिणाम कुछ भी नहीं निकला।**



**भोपाल।** विधानसभा चुनाव 2023 में विभिन्न समाजों को साधने के लिए कांग्रेस ने सामाजिक प्रकोष्ठ बनाए थे, लेकिन ये प्रकोष्ठ पूरी तरह प्रभावहीन रहे। जब इस संदर्भ में पार्टी ने पड़ताल की तो यह तथ्य सामने आया कि सियासी लाभ के लिए बनाए गए सामाजिक प्रकोष्ठ केवल नेताओं की झांकीबाजी का जरिया बनकर रह गए हैं। ऐसे में कांग्रेस संगठन ने सामाजिक प्रकोष्ठों को समाप्त कर दिया है। पार्टी का मानना है कि इससे नेताओं की झांकीबाजी रूकेगी और वे पार्टी की मुख्यधारा के साथ मिलकर कांग्रेस करेंगे। गौरतलब है कि सियासी लाभ के लिए चुनाव के समय विभिन्न जातियों और नेताओं को संतुष्ट करने के लिए राजनीतिक दल प्रकोष्ठ बनाकर नियुक्तियां करते हैं। कांग्रेस ने भी प्रदेश में विधानसभा चुनाव के समय विभिन्न समाजों के प्रकोष्ठ बनाए। इनके पदाधिकारी अपने वाहन के आगे बड़ी नाम पट्टिका लगाकर घूमते रहे और दावा करते रहे कि वोट प्रभावित होगा पर परिणाम कुछ भी नहीं निकला। इसे देखते हुए प्रदेश कांग्रेस ने संगठन वर्ष 2025 में ऐसे प्रकोष्ठों को समाप्त कर दिया है। वहीं, समान प्रकृति वाले प्रकोष्ठों को आपस में मिला दिया है। कुछ में अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी तो कुछ में अभी होना बाकी है। पार्टी ने तय किया है कि अब समाजों के अलग-अलग प्रकोष्ठों के स्थान पर अनुसूचित जाति-जनजाति और पिछड़ा वर्ग विभाग रहेंगे, इसमें ही विभिन्न जातियों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर दिया जाएगा।

### गठित किए गए थे कई बोर्ड और प्रकोष्ठ

गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव 2023 में हर समाज में अपनी पकड़ बनाने के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार ने विश्वकर्मा, स्वर्णकार, कुश, महाराणा प्रताप, जय मीनेश, मां पूरी बाई कीर, देवनारायण सहित अन्य कल्याण बोर्ड गठित किए थे। इसकी देखा-देखी तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने भी विभिन्न समाज को साधने के लिए मसीह, कोली/कोरी, बंजारा, रजक, बघेल-पाल, सिंधी कल्याण, तैलिक साहू राठौर, बंगाली सहित अन्य प्रकोष्ठ बनाए थे।

### पटवारी के प्रयास नहीं आ रहे थे काम

चुनाव परिणामों की समीक्षा में यह बात सामने आई कि जब तक संगठन मजबूत नहीं होगा, तब तक कोई भी प्रयोग सफल नहीं होगा। इसे ध्यान में रखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एक-एक करके संगठन की कमजोरियों को दूर करने में लगे हैं। उन सभी समाजों के प्रकोष्ठों को समाप्त कर दिया है, जो चुनाव के समय अस्तित्व में आए थे। इन्हें अब विभागों के भीतर प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। वहीं, समान प्रकृति के अलग-अलग प्रकोष्ठ भी हो गए थे, जिन्हें एक किया गया है। जैसे शिक्षक कांग्रेस में ही व्यावसायिक कोचिंग प्रकोष्ठ को मिला दिया है। सद्भावना और कौमी एकता प्रकोष्ठ को एक करने के साथ धर्म और उत्सव में पुजारी प्रकोष्ठ को समाहित कर दिया है। आउटसोर्स और तकनीकी प्रकोष्ठ को समाप्त कर दिया। प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों का कहना है कि भले ही चुनाव के समय ऐसे प्रकोष्ठ बनाकर लोगों को उपकृत कर दिया जाता है लेकिन पार्टी को इसका कोई लाभ नहीं मिलता है। एक को मनाते हैं तो दूसरा रूठ जाता है। सबको पद देना संभव भी नहीं है, इसलिए समाजों के प्रकोष्ठों को समाप्त करके संगठन की संरचना में शामिल विभागों के अंतर्गत ही विभिन्न समाज के लोगों को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। प्रदेश संगठन महामंत्री संजय कामले ने बताया कि संगठनात्मक दृष्टि से समन्वय बनाने और बेहतर कार्य के लिए समान प्रकृति के प्रकोष्ठों को एक किया गया है। कुछ को समाप्त भी करने का निर्णय भी लिया है।

# कोलार से बैरागढ़ तक निकलेगी तिरंगा यात्रा

**हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया तिरंगा यात्रा रूट का निरीक्षण**



**भोपाल।** भोपाल के कोलार से संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) तक करीब 20 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा 14 अगस्त को निकलेगी। हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा की कर्मश्री संस्था यह यात्रा निकालेगी। इसकी तैयारियां देखने के लिए विधायक शर्मा समेत अधिकारी सोमवार को कोलार रोड स्थित मदर टेरेसा स्कूल के सामने पहुंचे। उन्होंने रूट का जायजा लिया। तिरंगा यात्रा में 40 हजार से ज्यादा छोटे-बड़े वाहन शामिल होंगे। इस यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल रहेंगे। विधायक शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान के तहत अखंड भारत के संकल्प के साथ इस तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाता है। इस साल यह तिरंगा यात्रा ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव को समर्पित रहेगी। उन्होंने बताया, जिस तरह हमारी देश की सेना ने पराक्रम के साथ पाकिस्तान को उसकी कायराना हरकत का मुंहतोड़ जवाब दिया है। इस यात्रा के माध्यम से सभी अपने वीर जवानों का अभिनंदन करेंगे।

### रूट, ट्रैफिक डायवर्ट करने की प्लानिंग

सोमवार को निरीक्षण करने पहुंचे विधायक और अफसरों ने रूट और ट्रैफिक डायवर्ट करने की प्लानिंग पर भी चर्चा की। ताकि, यात्रा निकलने के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था नहीं बिगड़े। इसके अलावा सफाई व्यवस्था पर भी जोर दिया गया। यात्रा निकलने के बाद तुरंत सफाई भी कराई जाएगी। इस यात्रा के लिए 40 हजार से ज्यादा वाहनों का पंजीयन हुआ है। इनमें दोपहिया से लेकर चारपहिया वाहन तक शामिल हैं।

### सुरक्षा को खतरा, तत्काल जांच और कार्रवाई की जाए

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लग रहे बिजली के स्मार्ट मीटर एक नए विवाद में घिर गए हैं। आरोप है कि इन मीटरों का निर्माण सऊदी अरब की एक कंपनी कर रही है, जिसमें उच्च पदों पर पाकिस्तान के इंजीनियर काम कर रहे हैं। इस मामले को लेकर साइबर सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं। इंडिया स्मार्ट ग्रिड फोरम ने केंद्र सरकार को पत्र भेजकर आशंका जताई है कि यदि इन मीटरों में विदेशी कर्मचारियों की भागीदारी है, तो साइबर अटैक या डेटा लीक का खतरा बढ़ सकता है। इससे पहले मध्य प्रदेश के मेट्रो प्रोजेक्ट में तुर्की निर्मित पार्ट्स लगाए जाने का विरोध किया गया था।

**मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड**

कार्यालय महाप्रबन्धक (सिविल), चम्बल कॉलोनी, गोविन्दपुरा, भोपाल

फोन ऑफिस : 0755-2678206, ई-मेल : gmcivil.mkvvcl@gmail.com

क्रमांक : 050/महाप्रबं./सि./2220-21 भोपाल, दिनांक : 11.08.2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

सिविल वृत्त भोपाल के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु कम्पनी /म.प्र. शासन /केन्द्रीय शासन के विभिन्न विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत, ई.पी.एफ. नं. एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नं. प्राप्त ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' में लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन के दिनांक 01.01.2024 से प्रभावशील (वर्तमान तक संशोधित) एस.ओ.आर. (भवन एवं विद्युत) बेस रेट में 18 प्रतिशत जी.एस.टी. जोड़ कर, भावपत्र e-निविदा के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं:-

| निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि रुपये में |
|---|---|---|---|
| मप्रसि /भो. /46/01 (ई-निविदा क्र. 2025_MKVVC_443733_1) | क्षेत्रीय भंडार भोपाल में सिविल रख-रखाव कार्य कराने बावत्‌ | 1.47 | 3000/- |

निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय : 12.08.2025 from 10:30 Hrs.
ऑनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 21.08.2025 up to 15:00 Hrs.
निविदा खुलने की दिनांक/समय : 22.08.2025 at 15:00 Hrs.

निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कंपनी की वेबसाइट https://portal.mpcz.in पर देखें एवं https://mptenders.gov.in पोर्टल से निविदा क्रय कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/121543/2025 महाप्रबंधक (सिविल) भोपाल




स्वत्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रामपाल सिंह परमार द्वारा जय माता प्रिंटर्स, 28, कुम्हारपुरा, चर्च रोड, जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद, भोपाल, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 49 वर्धमान ग्रीन एन्क्लेव दामखेड़ा, सागर लैंड मार्क के पास अयोध्या बायपास, भोपाल (मप्र) से प्रकाशित। संपादक रामपाल सिंह परमार। समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार (समस्त न्यायिक मामलों का क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा) फोन नं. - 8770932048